विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 93 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 03 जनवरी 2025 डाक 04 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए अमेरिकी दूतावास का दौरा किया




**देश-विदेश**
पीथमपुर पहुंचा यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा, विरोध के स्वर भी मुखर, आज बंद का ऐलान




**फीचर**
सर्दियों में कपड़े सुखाने में हो रही है परेशानी? इन तरीकों को आजमाएं



# भारत घर में घुसकर मार रहा..., RAW से पाकिस्तान की हालत टाइट, लगाने लगा अजीबो-गरीब आरोप

**नईदिल्ली, 03 जनवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान हमेशा की तरह भारत से खौफ खाए बैठा है। इस बार उसने खुद इस बात को माना है। दरअसल, पाक विदेश मंत्रालय ने उनके देश में भारत के आतंकवादियों के खिलाफ अभियान पर चिंता जताई है। पाक ने कहा कि भारत अपनी सीमा से बाहर आतंकियों के सफाए के लिए अभियान चला रहा है। पाक ने ये आरोप अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के बाद लगाए। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर ऐसे व्यक्तियों की हत्या का आदेश दिया है, जिन्हें वह अपने राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा मानता है।



वाशिंगटन पोस्ट ने हाल ही में बताया कि भारत की खुफिया एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग 2021 से पाकिस्तान में आतंकियों को निपटा रही है। इसी तरह के दावे पहले द गार्जियन ने भी किए थे, जिसमें कहा गया था कि भारत सरकार ने विदेश में रहने वाले कथित आतंकवादियों को खत्म करने की व्यापक रणनीति के तहत पाकिस्तान में कम से कम 20 व्यक्तियों की हत्या का आदेश दिया था। इस्लामाबाद में अपने साप्ताहिक समाचार ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने इन कार्रवाइयों की निंदा करते हुए कहा कि भारत का आतंकियों के खिलाफ अभियान पाकिस्तान से बाहर भी फैल गया है। उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई केवल पाक ही नहीं, वैश्विक स्तर पर कई देशों में चिंताएं पैदा की हैं।अमेरिकी अखबार ने दावा किया है कि भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ गुप्त हत्याएं करा रहा है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि ऐसी कार्रवाई को सरकार का भी समर्थन है। हालांकि, इन आरोपों को पहले भी भारत खारिज कर चुका है और कह चुका है कि इसको लेकर आज तक कोई सबूत पेश नहीं किया गया है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में चिंताओं का जवाब देते हुए बलूच ने ये भी कहा कि पाकिस्तान किसी भी आंतरिक या बाहरी खतरों के खिलाफ अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए, प्रवक्ता ने ग्वादर बंदरगाह पर पाकिस्तान की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसे केवल पाकिस्तान के विकास के लिए चीन के समर्थन से विकसित किया गया है और विदेशी शक्तियों को सैन्य अड्डे देने की किसी भी मंशा से इनकार किया।

## हरि बाबू कंभमपति ने 27वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली

**ओडिशा, 03 जनवरी [एजेंसी]।**



डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने आज ओडिशा के 27वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उन्हें यहां राजभवन में ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव और प्रवती परिदा, ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी, कई मंत्री, विपक्ष के नेता नवीन पटनायक और कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। रघुबर दास के इस्तीफे के बाद 27 दिसंबर को कंभमपति को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

## आईएमडी ने 3 जनवरी से तमिलनाडु पुडुचेरी और कराईकल में हल्की बारिश



**तमिलनाडु 3 जनवरी।** आज से 8 जनवरी तक पूर्वी हवा के पैटर्न में बदलाव के कारण तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने इस अवधि के दौरान सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने का भी अनुमान लगाया है। बारिश के अलावा, नीलगिरी और कोडाईकनाल (डिंडिगुल जिले में) के पहाड़ी क्षेत्रों में रात के समय पाला पड़ने की संभावना है, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ जाएगी। चेन्नई में अगले 24 घंटों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है और सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने की संभावना है। तापमान अधिकतम 30-31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23-24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। इससे पहले वे मिजोरम के राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे। मौसम विभाग ने मछुआरों के लिए चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्हें दक्षिणी तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों, मन्नार की खाड़ी, कुमारी सागर, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग और मालदीव के आसपास के क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी गई है।

## ईरान के इरादों पर फिरा पानी सीरिया में बनवा रहा था मिसाइलें

### इजरायल ने बमबारी में कर दिया धुंआ-धुंआ



**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने सीरिया के अंदर ईरान के इरादों पर पानी फेर दिया। सीरिया के सैन्य ठिकानों पर ईरान एक फैक्ट्री में मिसाइल बनवा रहा था, तभी इजरायली सेना ने उसे नष्ट कर दिया। इजरायल की सेना ने पहली बार कबूल किया कि पिछले साल सितंबर में उसके करीब 100 सैनिकों ने भूमिगत मिसाइल फैक्ट्री को नष्ट किया था।

एलिट शालदाग यूनिट के कमांडो ने 8 सितंबर को सीरियाई शहर मस्याफ में वैज्ञानिक अध्ययन और अनुसंधान केंद्र पर छापा मारा था। इस जगह पर हथियारों का उत्पादन हो रहा था, जिसे सेना ने नष्ट कर दिया।

## BPSC कैंडिडेट्स के समर्थन में उतरे पप्पू यादव समर्थकों ने रोकी ट्रेन, PK भी कर रहे आमरण अनशन

**पटना, 03 जनवरी [एजेंसी]।**

बिहार में BPSC परीक्षा को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बापू परीक्षा केंद्र पर 13 दिसंबर को आयोजित परीक्षा में जमकर हंगामा हुआ, जिसके बाद बापू परीक्षा केंद्र पर परीक्षा रद कर दी गई। ये विवाद यहीं नहीं थमा, बापू परीक्षा केंद्र पर हंगामे के बाद अभ्यर्थियों द्वारा पेपर लीक की शिकायत करते हुए परीक्षा रद करने की मांग की जा रही है। अपनी मांग को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन भी किया जा रहा है। वहीं अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को राजनीतिक दलों का भी साथ मिल रहा है। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने आज बिहार बंद का ऐलान किया है, जिसके बाद वे सुबह 9 बजे सचिवालय हाल्ट रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों ने ट्रेन रोककर जमकर नारेबाजी की।



पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के समर्थक बीपीएससी के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर बैठे। पुलिस ने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के समर्थकों को तितर-बितर कर दिया, जिन्होंने बीपीएससी के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर रेल रोको का आयोजन किया था।

## यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने के विरोध में पीथमपुर-सागौर पूरा बंद, चक्काजाम की कोशिश




**महू-पीथमपुर, 03 जनवरी [एजेंसी]।**

पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड कचरा जलाने का विरोध दिन पर दिन तेज हो रहा है। गुरुवार तड़के कचरा पहुंचने के बाद विरोध में अब एकता नजर आने लगी है। साथ ही विरोध के स्वर भी मुखर हो रहे हैं। पीथमपुर के छत्र छाया गेट के सामने प्रदर्शनकारियों ने चक्का जाम करने का प्रयास भी किया। विरोध रैली के बाद शुक्रवार को पीथमपुर बंद का आह्वान किया गया था। जिसके चलते शुक्रवार सुबह से ही पूरा पीथमपुर बंद है। सभी बाजार, मोहल्ले व मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। बंद के समर्थन में पीथमपुर के उद्योगों ने भी अपने उद्योग बंद कर दिए हैं। इसके साथ ही पुलिस भी पूरे पीथमपुर के हर क्षेत्र में नजर बनाए रखी हुई है। शुक्रवार को दो तीन जगह विरोध के रूप में कुछ लोगों ने चक्काजाम करने का प्रयास किया था। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के कारण चक्काजाम का प्रयास सफल नहीं रहा। सभी छोटी से लेकर बड़ी दुकानें व होटलें भी पीथमपुर में बंद हैं। इसी तरह सागौर में भी सुबह से ही सभी व्यापार व दुकानें बंद रहीं। विरोध शांतिपूर्ण रूप से हो इसके लिए पीथमपुर में हर जगह पर पुलिस तैनात की गई है।

### सपा सांसद सांसद जियाउर्रहमान बर्क की गिरफ्तारी पर रोक, संभल में हिंसा भड़काने का है आरोप

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बर्क ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा मामले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने की मांग की है और फैसला होने तक गिरफ्तारी पर रोक लगाने का आग्रह किया है। सात साल से कम सजा वाली धाराएं होने के कारण कोर्ट ने राहत दे दी है। न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सपा सांसद को आदेश दिया है कि वह पुलिस जांच में सहयोग करेंगे।

## सावित्रीबाई फुले की जयंतीः पीएम मोदी अमित शाह, नड्डा और खड़गे ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** देश की पहली महिला शिक्षिका और महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। वह महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल हैं और शिक्षा तथा सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अग्रणी हैं। लोगों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रयास हमें प्रेरित करते रहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, देश में जब भी नारी शिक्षा और सामाजिक समानता की बात होती है, सावित्रीबाई फुले का नाम गर्व से लिया जाता है। सावित्रीबाई फुले ने एक ओर जहां महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, वहीं शिक्षा को समाज सुधार का सशक्त माध्यम बनाया। महिला विरोधी कुरीतियों को समाप्त कर नारी सम्मान की नई परिभाषा गढ़ने वाली महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें नमन।

## कोयंबटूर में ओवरब्रिज से नीचे गिरा एलपीजी टैंकर गैस रिसाव से हड़कंप, स्कूलों को कराया गया बंद



**चेन्नई।** केरल के कोच्चि से कोयंबटूर जा रहा एलपीजी टैंकर ट्रक अविनाशी रोड फ्लाईओवर पर पलट गया। आज सुबह टैंकर पलट गया, जिससे गैस का रिसाव होने लगा। ऐहतियातन इलाके के स्कूलों को बंद करा दिया गया है। भारत कंपनी का टैंकर कोयंबटूर के उप्पिलीपलायम फ्लाईओवर के पास पलट गया। अभी तक कोई हताहत या नुकसान नहीं हुआ है। इस बीच, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फ्लाईओवर पर यातायात रोक दिया है। साथ ही यातायात को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कर दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि इस काम को पूरा होने में और भी समय लगेगा। कोयंबटूर के जिला कलेक्टर क्रांति कुमार पाडी ने कहा, घटना आधी रात के बाद करीब 3 बजे हुई।

18 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा एलपीजी टैंकर यहां पलट गया। रिसाव को रोक दिया गया है और हम वाहन के आने और कपलिंग प्लेट की मरम्मत करने का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद, वाहन को फिर से सीधा किया जा सकता है... सभी यातायात को बंद कर दिया गया है और सुरक्षा मापदंड स्थापित किए गए हैं। संबंधित अधिकारी यहां मौजूद हैं और घबराने की कोई बात नहीं है।

## बठिंडा में कोहरे का कहर, बस और ट्रक में भीषण टक्कर, 20 से अधिक लोग घायल

**बठिंडा, 03 जनवरी [एजेंसी]।**



पंजाब में शीतलहर का प्रकोप जारी है। कोहरे के चलते हादसों की घटनाएं में वृद्धि हो गई है। इस बीच शुक्रवार सुबह बठिंडा के जोधपुर रूमाना गांव के पास एक बस और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई, जिसमें 20 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बठिंडा के एम्स और सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बताया जा रहा है कि धुंध के चलते यह हादसा हुआ है। विजिबिलिटी कम होने से दोनों ड्राइवरों को दिखाई नहीं दिया।गहरी धुंध के कारण बठिंडा-रामा रोड पर एक ट्रक व सवारियों से भरी एक निजी कंपनी की बस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए एम्स बठिंडा व सिविल अस्पताल बठिंडा में दाखिल करवाया गया है।

हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, जबकि बस यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि हादसे का कारण गहरी धुंध है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद संबंधित थाने की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। न्यू दीप कंपनी की बस रामा मंडी से बठिंडा की तरफ आ रही थी। बठिंडा-डबवाली रोड नई बनने के कारण सड़क की एक साइड बंद पड़ी है, जिसके कारण एक साइड पर वाहन आ जा रहे है।

### पलामू में दर्दनाक सड़क हादसा, कोहरे की वजह से टकराए बस और ट्रक, ड्राइवर की मौत

*__सतबरवा (पलामू)।__ घने कोहरे की वजह से पलामू में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर यात्री बस व ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे में घायल ट्रक चालक की तुबांगड़ा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि सात घायलों का तुबांगड़ा अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे का कारण धुंध बताया जा रहा है।*

## आज दिल्ली के विकास के लिए महत्वपूर्ण दिन, पीएम मोदी ने एक्स पर लिखी अहम बात, जनता को मिलेगी बड़ी सौगात



**नईदिल्ली, 03 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट डाली है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि आज दिल्ली के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। पीएम मोदी ने लिखा अशोक विहार में एक कार्यक्रम में दिल्ली के लोगों के लिए जीवन आसान को बढ़ावा देने वाले कई विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा।

## कौशांबी में भरभराकर गिरा कच्चा मकान, मलबे में दबकर मां-बेटे की मौत, मची चीख पुकार



**अजुहा (कौशांबी) 03 जनवरी।** कस्बे के वार्ड नंबर दो में कल देर रात एक कच्चा मकान ढह गया। जिससे घर में सो रहे मां-बेटे की मलबे में दबकर मौत हो गई। इस हादसे में एक गोवंश के बछड़े की भी मौत हो हुई। घटना की जानकारी पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सिराथू तहसील प्रशासन व पुलिस ने जांच-पड़ताल की। इसके बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक 56 वर्षीय मोहम्मद शरीफ और 86 वर्षीय उसकी मां शकीना बानो हैं। यह हादसा देर रात सोते समय हुआ।

## छत्तीसगढ़ के सरगुजा और अंबिकापुर में कोल्ड वेव, 4 जनवरी से बढ़ेगा तापमान

**रायपुर 03 जनवरी।** उत्तर से आने वाली शुष्क हवाओं से गुरुवार को ठंड ने अपना असर दिखाया। हालांकि शुक्रवार से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ ठंड के लिए दीवार बन जाएगा। इससे ठंड कम होगी। शुक्रवार और शनिवार को न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, उत्तरी छत्तीसगढ़ शीतलहर की चपेट में है। बलरामपुर प्रदेश का सबसे ठंडा रहा। यहां का तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 3.3 डिग्री कम है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार जनवरी में ठंड के तेवर तीखे बने रहने की संभावना है, हालांकि विक्षोभ सक्रिय होंगे लेकिन तापमान में ज्यादा वृद्धि नहीं होगी।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
MENS LADIES KIDS ETHENIC
New Wedding Collection
Sherwani | Blazer
Coatsuit | IndoWestern
Up to 50% Discount
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# बोरे में भर गया जहान सिंह के खुशियों का जहान, अब बेचेंगे धान

### धान बेचने में मुडमिसनी के किसान जहान सिंह को नहीं होना पड़ा परेशान

कोरबा । फसल बोने को लेकर ऐसे कई यादें थीं किसान जहान सिंह के पास, जिसमे से ज्यादातर को याद कर उनके आँखों में आँसू ही आ जाते थे। वह हर साल अच्छी बारिश की उम्मीद लिए पर्वतीय इलाकों में फसल तो ले लेता था लेकिन कई बार बारिश की बेरुखी उनकी उम्मीदों का गला घोंट जाती थीं। यहीं नहीं, कई बार ऐसा भी हुआ कि समय पर बारिश हुई और फसल भी हुआ, लेकिन अपनी हाड़तोड़ मेहनत के फसल का मोल ठीक से नहीं मिल पाने से उन्हें उदास रहना पड़ा।

किसान जहान सिंह जब से यह जान पाया है कि किसानों के फसल का मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अच्छी कीमत दे रहे हैं तब से उन्होंने अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ी। खूब मेहनत किया और खेत में धान बोयें। इस बीच उन्होंने ऊपरवाले से बस यहीं मिन्नतें की कि बारिश समय पर ठीक ठाक हो ताकि उनका यह फसल चौपट न हो और वह भी अन्य किसानों की तरह सर्वाधिक मूल्य पर अपना धान बेच सकें। यह किसान जहान सिंह पर मौसम की मेहरबानी रही कि फसल पूरा हुआ और अब उन्हें खुशी है कि जल्दी ही वह उपार्जन केंद्र में धान बेचकर रुपये जुटा पायेगा।

पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र मेरई ग्राम



पंचायत के ग्राम मुड़मिसनी में रहने वाले किसान जहान सिंह ने धान बेचने अपना पंजीयन कराया है। टोकन ले चुके किसान जहान सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र में सिंचाई का कोई विशेष साधन नहीं है।

फसल के लिए उन्हें पूरी तरह से आसमान पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इस बीच यदि फसल बोने के बाद बारिश नहीं हुई तो पूरी मेहनत बर्बाद हो जाती है। किसान जहान सिंह मरकाम ने बताया कि हर साल वे डर-डर के फसल उगाते हैं। बहुत कम फसल होने पर और कम कीमत मिलने पर उन्हें निराशा होती है लेकिन और कोई उपाय नहीं होने की वजह से धान के फसल पर ही निर्भर रहना पड़ता है। किसान ने बताया कि यह खुशी की बात है कि हम किसानों के हित में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बहुत बड़ा कदम उठाया है। हमें 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान का मूल्य मिलेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 70 क्विंटल धान बेचने टोकन लिया है। 10 जनवरी को वह अपना धान बेचेगा और राशि आने पर घर के लिए जरूरी कुछ सामान खरीदेगा।

## एसईसीएल ने लक्ष्य से अधिक हटाया ओबी को

कोरबा। दक्षिण पूर्वी कोयला क्षेत्र (एसईसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने ओवर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) को 250 मिलियन क्यूबिक मीटर के पार पहुंचाया है। यह उपलब्धि अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 के बीच हासिल की गई है, जिसमें कंपनी ने 250.4 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है। इस उपलब्धि के साथ, एसईसीएल ने अपने एएपी टार्गेट 241 मिलियन क्यूबिक मीटर को पीछे छोड़ दिया है, जो कि 4त्न अधिक है। पिछले वर्ष की समान अवधि (अप्रैल 2023 से दिसंबर 2023) की तुलना में, एसईसीएल ने लगभग 6त्न की वृद्धि हासिल की है।

एसईसीएल में ओबी हटाने के लिए रिपर तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो एक ग्रीन टेक्नोलॉजी है। इस तकनीक की मदद से बिना ड्रिलिंग-ब्लास्टिंग के ओबी हटाना संभव हुआ है, जिससे सुरक्षित एवं पर्यावरण-हितैषी कोयला खनन सुनिश्चित हो रहा है।एसईसीएल के अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि कंपनी के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एसईसीएल कोयला उत्पादन में अपनी भूमिका को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जैन पब्लिक स्कूल की शिक्षिका को मिला सर्वक्षेष्ठ गुरू का सम्मान

कोरबा। नाट्य नर्तन कथक रॉकर्स अकादमी दुर्ग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नृत्य, संगीत एवं ललित कला प्रतियोगिता में जैन पब्लिक स्कूल कोरबा की संगीत शिक्षिका नीलिमा जायसवाल को सर्वश्रेष्ठ गुरु के सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें संगीत के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया।

इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के विद्यार्थियों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। कोरबा जिले के छात्रों ने भी हिस्सा लिया, जिनमें बालको डीपीएस के छात्र छायांक सिंह चन्द्रा ने एकल शास्त्रीय संगीत में प्रथम पुरस्कार, रेयांश जायसवाल ने एकल तबला वादन में द्वितीय पुरस्कार और दक्षिता चन्द्रा ने एकल शास्त्रीय गायन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करके अपने गुरु जनों एवं परिवार को गौरवान्वित किया।नीलिमा जायसवाल जैन पब्लिक स्कूल में संगीत शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं और बालको में अपने निवास स्थान पर नीलिमा स्वर साधना अकादमी का संचालन करती हैं, जहां सैकड़ों बच्चे संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## राताखार रोड से हटाया अतिक्रमण

कोरबा । राताखार बाईपास पर हादसे में युवक की मौत के बाद हुए हंगामे और चक्का जाम के चलते आज नगर निगम ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। प्रभावित क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क पर ट्रकों की अवैध पार्किंग अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यातायात विभाग ऐसे ट्रक चालकों पर सख्त कार्रवाई करेगा। हादसे के बाद यह कदम सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

## विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 में कोरबा के आकाश का हुआ चयन



कोरबा । विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 दिल्ली में भाग लेने के लिए कटघोरा, जिला कोरबा के आकाश कुमार अग्रवाल पिता संतोष कुमार अग्रवाल निवासी बाजार मोहल्ला कटघोरा का चयन हुआ है। सन 2047 के पूर्व भारत को विकसित बनाने की मुहिम के अंतर्गत 'विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसमें छत्तीसगढ़ से 80 हजार युवाओं ने भाग लिया था, जिसमें से विभिन्न चरणों के पश्चात कुल 45 युवाओं को दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष अपना विजन प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। कोरबा जिले के आकाश अग्रवाल की इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

कटघोरा निवासी आकाश अग्रवाल और उनके पिता श्री संतोष अग्रवाल ने आज कलेक्टर श्री वसंत से मुलाकात की। कलेक्टर ने आकाश से विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की और नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के समक्ष कोरबा जिले के युवा द्वारा विजन प्रस्तुत करने के अवसर को सौभाग्यशाली बताया। प्रतियोगिता में चयनित आकाश ने कलेक्टर को बताया कि विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत क्विज में उत्तीर्ण होने के बाद प्रतिभागियों द्वारा विकसित भारत चैलेंज के 10 विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखा गया। निबंधों को मूल्यांकन के किए जाने के उपरांत प्रत्येक विषय में अधिकतम 25 प्रतिभागियों का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया गया। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में प्रतिभागियों द्वारा अपने संबंधित निबंध के विषय के आधार पर राजधानी रायपुर में पीपीटी का प्रदर्शन किया गया। पीपीटी के मूल्यांकन अनुसार कोरबा के आकाश अग्रवाल का राष्ट्रीय युवा उत्सव दिल्ली में भाग लेने हेतु चयनित किया गया है।

## वीएसडी से ग्रस्त आर्यन अब स्वस्थ जीवन का ले रहा आनंद



कोरबा । आर्यन, एक 6 वर्षीय बच्चा, जो कभी अपने दिल के गंभीर रोग से जूझ रहा था, अब स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी रहा है। वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष (वीएसडी) से ग्रस्त आर्यन के लिए यह एक नए जीवन से कम नहीं है।

विकासखण्ड पोंडी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत छिंदिया के रहने वाले श्री रामसिंह उईके के 6 वर्षीय पुत्र आर्यन को बचपन से ही सांस लेने में तकलीफ होती थी। उसे हमेशा सर्दी-खाँसी और बुखार की शिकायत रहती थी, थका-थका रहता था, वह अन्य बच्चों की तरह खेल-कूद तथा दौड़ नहीं सकता था। दौडने पर उसकी धडकन बढ़ जाती थी। आर्यन के परिवार में इस गंभीर स्थिति के कारण निराशा और चिंता का माहौल था। डॉक्टरों ने बताया कि अगर इलाज नहीं हुआ तो यह बच्चे के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। लेकिन फिर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत एक नई उम्मीद का सूरज उगा। रायपुर के वी.वाई. हॉस्पीटल में आर्यन का ऑपरेशन नि:शुल्क किया गया।

चिरायु टीम द्वारा आर्यन के स्कूल विजिट के दौरान उसकी परेशानियों का पता चला। उनके द्वारा आर्यन के पिता को बीमारी के गम्भीरता से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आर्यन के नि:शुल्क इलाज के बारे में जानकारी दी गई। कोरबा जिला चिकित्सालय में हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा आर्यन की जाँच से पता चला कि वह वीएसडी से पीड़ित है और उसे रायपुर के वी. वाय. हॉस्पिटल में एडमिट किया गया तथा उसका स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत नि:शुल्क ऑपरेशन हुआ। अब आर्यन स्कूल जाता है, खेलता है और स्वस्थ जीवन का आनंद लेता है। उसकी यह यात्रा न केवल उसकी जिंदगी को बदलने वाली थी, बल्कि उसकी पूरे परिवार की आशाओं और सपनों को भी नई दिशा दे गई।

आर्यन के पिता रामसिंह ने कहा स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल की टीम की मेहनत और सहयोग से आर्यन की सर्जरी पूरी हुई, और अब वह सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी रहा है। उसके चेहरे पर अब वही मुस्कान है, जो कभी खो सी गई थी।

### सुनालिया रेलवे क्रासिंग में अण्डर पास निर्माण हेतु प्रभावित परिसम्पत्तियों को हटाकर लोक निर्माण विभाग सेतु को सौंपा गया आधिपत्य

कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा के संजय नगर में चांपा - गेवरा रेल लाईन के लेवल क्रॉसिंग नं. सी.जी.-28 सुनालिया ज्वेलर्स के पास आर.यू.बी. के निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा द्वारा 11 मार्च 2024 को जारी किया गया है। आर.यू.बी.निर्माण कोरबा नगरवासियों की पुरानी मांग है।

जिसके निर्माण होने से यातायात का दबाव कम होगा तथा आवागमन में लोगों को सुविधा होगी। आर.यू.बी. का निर्माण जल संसाधन विभाग की भूमि पर किया जाना प्रस्तावित है। जिसके एकरेखण में आने वाली अतिक्रमित संरचनाओं का संयुक्त सर्वेक्षण नगर पालिक निगम, राजस्व विभाग, जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति में किया गया है।

प्रस्तावित आर.यू.बी. के एकरेखण मार्ग में 95 अतिक्रमित परिसम्पत्ति/ संरचनाएं पाई गई है। जिसमें कुल 88 परिसम्पत्तियों/संरचना का प्रतिकर राशि संबंधितों को भुगतान किया जा चुका है। प्रभावित परिसम्पत्तियों/संरचनाओं में से 90 प्रतिशत से अधिक को हटाया जाकर आधिपत्य लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग को सौंपा जा चुका है। लोक निर्माण विभाग द्वारा ड्राईंग डिजाईन को अंतिम रूपरेखा देकर निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही की जा रही है।

## वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए जयसिंह को बनाया पर्यवेक्षक



कोरबा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को दिल्ली विधानसभा चुनाव में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) बनाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ से इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया गया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन मंत्री के सी रेणुगोपाल एवं छ.ग. प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि इस क्षेत्र में हमारे प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो सके।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अभी से मेहनत करना प्रारम्भ कर दिया है। इसी मद्देनजर से पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को इस क्षेत्र की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताने का प्रमुख लक्ष्य लेकर दिल्ली प्रवास पर है। श्री अग्रवाल को पर्यवेक्षक बनाए जाने पर कोरबा कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस सहित कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए अखिल भारतीय कमेटी के प्रति आभार जताया है।

## एनटीपीसी ने ऐसे किया नए साल 2025 का स्वागत

कोरबा। एनटीपीसी कोरबा ने भव्य आयोजन के साथ नए वर्ष का स्वागत किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख (एचओपी) राजीव खन्ना थे। उनके साथ मनीष वसंत साठे, महाप्रबंधक (रखरखाव और ऐश डाइक प्रबंधन) की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर सीआईएसएफ कमांडेंट और डीसी सीआईएसएफ, विभाग प्रमुख, संघ और संघ प्रतिनिधि, एजेंसी कार्यकर्ता, सीआईएसएफ कर्मी, कर्मचारी और उनके परिवार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत शशि शेखर मानव संसाधन प्रमुख द्वारा राजीव खन्ना का हार्दिक स्वागत करते हुए हुई। इसके बाद खन्ना ने सभी कर्मचारियों और सहयोगियों को गुलाब का फूल भेंट कर अपनी शुभकामनाएं दीं। इसके बाद केक काटने की रस्म अदा की गई, जिसने समारोह को और भी आनंदमय बना दिया। अपने नए वर्ष के संबोधन में राजीव खन्ना ने एनटीपीसी कोरबा टीम के प्रति अपना गर्व और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा 2025 की नई सुबह का स्वागत करते हुए, मैं कोरबा की इस प्रतिभाशाली और समर्पित टीम को संबोधित करते हुए अत्यंत गर्व महसूस कर रहा हूं। नया साल हमेशा एक विशेष क्षण होता है- पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर चिंतन करने और आने वाले वर्ष के लिए अपनी आकांक्षाओं को निर्धारित करने का समय। 2024 की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए खन्ना ने कहा, 2024 एनटीपीसी कोरबा के लिए विकास, सीख और धैर्य का वर्ष था। हमने चुनौतियों का सामना किया, लेकिन साथ मिलकर उन्हें नवाचार और प्रगति के अवसरों में बदल दिया। आप में से प्रत्येक ने हमारी सफलता में योगदान दिया है, और मैं आपकी मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए गहराई से आभारी हूं। उन्होंने पावर स्टेशन की 2023-24 वित्तीय वर्ष में 89.84 फीसदी के उत्कृष्ट प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) को उजागर किया, जो सभी एनटीपीसी स्टेशनों में सर्वोच्च था। यह उपलब्धि हमारी स्टेज-1 इकाइयों के 40 वर्षों की वाणिज्यिक संचालन पूर्ण करने के बावजूद लगातार चौथे वर्ष शीर्ष स्थान पर रही। यह सफलता एनटीपीसी कोरबा परिवार की अटूट समर्पण और टीमवर्क को दर्शाती है।खन्ना ने एनटीपीसी कोरबा की परिचालन उत्कृष्टता, स्थिरता, सामुदायिक भागीदारी और कौशल विकास में उपलब्धियों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा सतत प्रथाओं में मानदंड स्थापित करने से लेकर हमारे समुदायों के साथ जुड़ाव और नवाचार सुनिश्चित करने तक, हमने बिजली उत्पादन में एक अग्रणी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखी है। समारोह के समापन पर खन्ना ने 2025 के लिए एनटीपीसी कोरबा की दृष्टि प्रस्तुत की और संचालन उत्कृष्टता, नवाचार और स्थिरता के प्रति स्टेशन की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा जैसे ही हम 2025 में प्रवेश कर रहे हैं।

## वार्षिक सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए पार्षद देवांगन

कोरबा। कोरबा अंचल सर्वमंगला चंद्रनगर जटराज कोरबा के वार्षिक सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो जिला महामंत्री और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन शामिल हुए।इस अवसर पर उन्होंने वार्ड और मोहल्ले के लोगों को कैलेंडर नववर्ष के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी। पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि सर्वमंगला जटराज सहित वार्ड के समूचे स्थानों में विकास कार्य माननीय उद्योग मंत्री के प्रयासों से कराए जा रहे है, यही वजह हैं कि समस्याओ का निराकरण हो रहा है। इसके अलावा बहुत सारे कार्य टेंडर कि प्रक्रिया में है, जो जल्द प्रारम्भ किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भूपेंद्र पटेल, अशोक पटेल, राजेंद्र पटेल, विष्णु प्रसाद, लक्ष्मण पटेल, रामाधार पटेल, फिरूराम पटेल, राम कुमार राठौर, मनोज यादव नवीन ठाकुर,कपूर चंद पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निर्वाचन आयोग समय पर कराए निकाय-पंचायत चुनाव:नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत

कोरबा । छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ की पंचायतों (तीनों स्तर) तथा नगरीय निकायों (नगर पंचायत, नगर पलिका परिषद तथा नगर पालिक निगम) का निर्वाचन समय पर कराए जाने के लिये राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, भारत का संविधान के अनुच्छेद 243- के तथा 243-जेड ए अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग का यह बंधनकारी संवैधानिक कर्तव्य है कि अनुच्छेद 243-इ और 243-यू के अनुसार समय पर निर्वाचन कराए। पंचायतों तथा नगर पलिकाओं की अवधि उनके निर्वाचन के पश्चात् आयोजित प्रथम अधिवेशन के लिए नियत तारीख से पांच वर्ष होती है और इस विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व नया निर्वाचन पूर्ण किया ही जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ की विद्यमान निर्वाचित पंचायतों की अवधि माह फरवरी 2025 की विभिन्न तारीखों में समाप्त होने जा रही है। किंतु छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा अब तक इनके गठन हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ ही नहीं की गई है। इससे यह स्पष्ट है कि संविधान के आदेशात्मक प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन हो रहा है जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ही पूरी तरह से उत्तरदायी है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, उच्चतम न्यायालय के दो निर्णयों राईट पेटीसन (सी) नं.278 ऑफ 2022 डिसाइडेड ऑन मई 10, 2020 तथा पेटीसन (एस) फोर स्पेशल लीव टू अपील (सी) नं.(एस) 26468 टू 26469/2024 दिनांक 11.11.2024 का उदाहरण है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा है कि, अब और अधिक विलंब किये बिना पंचायतों तथा नगरीय निकायों के गठन के लिए निर्वाचन की प्रक्रियाओं को तत्काल प्रारंभ करें।

## बिजली जरूरतों को पूरा करने लगाया जाएगा सोलर प्लांट

कोरबा। छत्तीसगढ़ की बिजली उत्पादन कंपनी और कोल इंडिया की सहयोगी कोयला कंपनी एसईसीएल अपनी बिजली जरूरतों को पूरा करने सोलर प्लांट लगाएगी। साल 2025 में कोयला व बिजली सेक्टर की इन दोनों ही कंपनी के कई सोलर प्रोजेक्ट अस्तित्व में आएंगे। उत्पादन कंपनी ने सोलर प्लांट लगाकर 2 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना को विकसित करने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड से समझौते पर हस्ताक्षर भी किया है। उत्पादन कंपनी की जिले में मिट्टी फिलिंग कराकर रखे राखड़ डैम और एचटीपीपी व डीएसपीएम पॉवर प्लांट के दफ्तरों की छतों पर सोलर पैनल इंस्टाल कर सौर ऊर्जा से बिजली बनाने का है।इसी से दफ्तर के बिजली की अधिकांश जरूरतें पूरी होगी। एसईसीएल अपने संचालन क्षेत्रों में सोलर पावर प्लांट स्थापित कर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी। एसईसीएल के साल 2024 में अधूरे रह गए कई प्रोजेक्ट अस्तित्व में आएगी। एसईसीएल 600 मेगावाट से अधिक क्षमता की रूफ-टॉप, ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड और रेस्को (रिन्यूबल एनर्जी सर्विस कंपनी), बीओओ (बिल्ड ओन ऑपरेट) मॉडल में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने की योजना बनाई है। नए साल में इस तरह कोल इंडिया की 3000 मेगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लक्ष्य में सहभागिता बढ़ेगी।

बीते साल एसईसीएल ने जमुना कोतमा और कुसमुंडा क्षेत्रों में रूफ-टॉप सोलर संयंत्रों को शुरू किया है। कुसमुंडा एरिया के नवनिर्मित वर्कशॉप कॉम्पलेक्स में सब स्टेशन, प्रशासनिक कार्यालय, कैंटीन आदि जगहों पर कुल 200 किलोवाट के सोलर संयंत्र शुरू किए गए हैं। जमुना कोतमा एरिया में 50-50 किलोवाट क्षमता के दो संयंत्र स्थापित किया है।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक

कोरबा। सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6 वीं व 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आयोजित किया जाना है। परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अधिकारिक वेबसाईट पर घोषणा किया जायेगा। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अधिकारिक वेबसाईट पर 13 जनवरी 2025 के शाम पांच बजे तक भरे जायेंगे।

**दीपका**। बजरंग चौक दीपका निवासी भाजपा नेता मोहनलाल बिंदल का निधन विगत रात्रि को हो गया। उनके निधन की खबर से दीपका व्यवसायिक संघ सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 06 जनवरी को

कोरबा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में 06 जनवरी 2025 को विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्लेसमेंट कैंप में फायर सेफ्टी एण्ड डिजास्टर मैनेजमेंट दुर्ग, वेदांता स्कील स्कूल बालको कोरबा एवं आहूजा मोबाईल एण्ड एसोसिरिस कोरबा अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। रिक्त पदों में फायर सेफ्टी एण्ड डिजास्टर मैनेजमेंट दुर्ग अंतर्गत फायरमेन 20 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन फायरमेंन, आयु 22 से 40 वर्ष, अनुभव 06 माह, न्यूनतम वेतनमान 13 हजार से 16 हजार 500, सिक्योरिटी गार्ड के 150 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, आयु 19 से 35 वर्ष, न्यूनतम वेतनमान 12 हजार से 14 हजार, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 50 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक, आयु 22 से 40 वर्ष, वेतनमान 14 हजार से 16 हजार, ड्राईवर(हैवी लायसेंस) के 10 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक, आयु 22 से 35 वर्ष, अनुभव 06 माह, न्यूनतम वेतनमान 15 हजार से 18 हजार, और होम केयर टेकर सर्विसेस के 100 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, न्यूनतम वेतनमान 10 हजार से 12 हजार। इस सभी पदों का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा। इसी तरह वेदांता स्कील स्कूल बालको कोरबा अंतर्गत इलेक्ट्रिशियन 60 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10 वीं/12 वीं, आयु 18 से 30 वर्ष, न्यूनतम वेतनमान 13 हजार से 14 हजार, वेल्डर के 60 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 8 वीं/10 वीं वेतनमान 14 हजार से 15 हजार, सिलाई मशीन आपरेटर के 60 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 8 वीं, वेतनमान 10 हजार से 12 हजार, होटल मैनेजमेंट के 60 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, न्यूनतम वेतनमान 10 हजार से 12 हजार, सोलर टेक्नीशिय के 60 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12 वीं/आईटीआई, वेतनमान 14 हजार से 15 हजार, मोबाईल रिपेरिंग के 60 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10 वीं/आईटीआई वेतनमान 13 हजार से 15 हजार। इनका कार्यक्षेत्र संपूण भारत देश होगा। आहूजा मोबाईल एण्ड एसोसिरिस कोरबा अंतर्गत सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह के 03 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12 वीं वेतनमान सात हजार और सेल्स मेंनेजर के दो पद हेतु शैक्षणिक योग्ता स्नातक, अनुभव 06 माह वेतनमान दस हजार प्रतिमाह होगा। कार्य स्थल कोरबा निर्धारित है। इच्छुक आवेदक 06 जनवरी को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर योग्यतानुसार रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



## अमरताल आश्रम में 5 को मनाएंगे प्राकट्य दिवस

**जांजगीर।** श्रीधाम वृंदावन के संत सदगुरू रीतेश्वर की उपस्थिति में 5 जनवरी को गुरुदेव भगवान का प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए देशभर से श्रद्धालु अमरताल आश्रम आएंगे। समिति के अध्यक्ष पवन सिंघानिया ने बतलाया कि श्री आनंदम धाम आश्रम अमरताल में 4 से 6 जनवरी तक गुरुदेव का दिव्य एवं भव्य प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें लगभग 1000 से भी अधिक भक्तों के 03 दिवसीय आवास और भोजन प्रसाद की नि:शुल्क व्यवस्था समिति ने की है। इसके लिए अग्रसेन भवन अकलतरा, लिखमानिया भवन अकलतरा, मिठायां भवन अकलतरा, अग्रसेन भवन नैला जांजगीर, माधव होटल जांजगीर के अलावे आनंदन धाम आश्रम अमरताल में भी व्यवस्था की है। बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए सारी व्यवस्था एं नि:शुल्क है।

## नैला में पहली बार सिद्ध चक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ आज से

**जांजगीर।** भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर नैला में पहली बार सिद्ध चक्र महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन जैन समाज नैला जांजगीर द्वारा 3 से 10 जनवरी तक कराया जाएगा। आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज, समाधिस्थ आचार्य 108 विराग सागर महाराज, छत्तीसगढ़ गौरव पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज, मुनि सुब्रत नाथ सौभाग्य तीर्थ प्रणेता आर्यिका 105 सौभाग्य मति माताजी के मंगल आशीर्वाद से विधानाचार्य मयंक शास्त्री दमोह द्वारा सिद्ध चक्र महामंडल विधान कराया जाएगा। विधान के प्रमुख पात्रों का चयन किया गया।सिद्ध चक्र महामंडल विधान की तैयारी में जैन समाज नैला के सदस्य, जैन महिला मंडल, नवयुवक मंडल के सभी सदस्य लगे हुए हैं। नैला में आयोजित सिद्ध चक्र महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ में छत्तीसगढ़ में दिगंबर जैन समाज के सभी नगरों के समाज को विधान में धर्म लाभ लेने बुलाया गया है। सिद्ध चक्र महामंडल विधान में संगीतमय पूजा होगी। लाल पत्थरों से निर्मित भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जाएगा।



## अंगदान के लिए भरा जाएगा संकल्प पत्र

**बाराद्वार।** मुख्यमंत्री प्रशंसक फोरम कमेटी छत्तीसगढ़ संगठन द्वारा आयोजित अंग दान महादान कार्यक्रम के तहत स्थानीय विश्राम गृह में 3 जनवरी को शाम 4 बजे से शिविर के माध्यम से संकल्प पत्र भरवाया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रशंसक फोरम कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जगेश राय ने बताया कि अंग दान महादान है। इसके लिए 3 जनवरी की शाम 4 बजे रेस्ट हाउस में अंगदान का संकल्प भर भरवाने शिविर लगाया जा रहा है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निज सहायक तुलसी कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# प्रभारी मंत्री ने जैजेपुर में किया विकास कार्यों का भूमि पूजन

**सक्ती।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सांसद कमलेश जांगड़े सहित अन्य विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सक्ती जिले के नगर पंचायत जैजैपुर के वार्ड क्रमांक 4 दशहरा मैदान में 3 करोड़ 30 लाख रुपए से अधिक की लागत के 29 विकास व निर्माण कार्यों का विधि विधान से भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आगामी समय में प्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में परित्यक्ता और विधवा महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम को मंत्री राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत जैजैपुर क्षेत्र में 3 करोड़ 30 लाख रुपए से भी अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। रामलला दर्शन योजना से नि:शुल्क अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के दर्शन भी कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में 18 लाख आवास की मंजूरी दी है। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत जैजैपुर में आज अनेक विकास कार्यों का



भूमिपूजन किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत जैजैपुर में 3 करोड़ 30 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने कहा कि नगर पंचायत जैजैपुर में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन अवसर पर जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े स्वयं उपस्थित हैं जो हम सभी के लिए खुशी की बात है। इसी क्रम में पूर्व विधायक केशव चंद्रा ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि आज नगर पंचायत जैजैपुर में एक साथ इतने सारे कार्यों का भूमिपूजन हो रहा है। इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जाता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, नगर पंचायत जैजैपुर अध्यक्ष सोनसाय देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप चंद्रा, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, पूर्व विधायक केशव चंद्रा, कृष्णकांत चन्द्रा, रामनरेश यादव सहित पार्षदगण, विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, नारी शक्ति और आमजन उपस्थित थे।

## अब परीक्षा पे चर्चा चाहते हैं प्राचार्य, जिला प्रदेश में अव्वल

**जांजगीर।** पीएम नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सफल बनाने के प्रयास में प्रशासनिक अफसर जुट गए हैं। दो दिन तक पहले जिले में पंजीयन की निराशाजनक स्थिति थी, तब जो लक्ष्य मिला था, उसमें मात्र 0.7 फीसदी ने पंजीयन कराया था। यह आंकड़ा प्रदेश के औसत से भी कम था। इस पर भास्कर ने 31 दिसंबर को खबर प्रकाशित की थी। इसे कलेक्टर आकाश छिकारा ने गंभीरता से लिया और उनकी कड़ी मानिटरिंग के बदौलत महज दो दिन में पंजीयन में सुधार आया। 51 प्रतिशत टारगेट को पूरा कर लिया गया है। टारगेट अचीव करने के मामले में फिलहाल जांजगीर-चांपा जिला पहले नंबर पर चल रहा है। जांजगीर-चांपा जिले में 12709 छात्रों का पंजीयन कराने का लक्ष्य मिला है, पर रविवार तक मात्र 914 पंजीयन ही हो पाया था।

इसके पीछे शिक्षा विभाग में तालमेल की कमी बताई जा रही थी। इस पर 31 जनवरी को खबर प्रकाशित की गई तो कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के डीईओ, बीईओ और डीएमसी की बैठक ली। दो दिन में ही आंकड़ा 40 फीसदी से ऊपर लाने का लक्ष्य उन्हें दिया। उनकी कड़ी मानिटरिंग रंग लाई और महज दो दिन बाद स्थिति बदल गई और 51 फीसदी से ज्यादा पंजीयन कराकर जिला प्रदेश में पहले स्थान पर चल रहा है। यह स्थिति ऐसे समय में है, जब पंजीयन कराने के लिए 14 जनवरी तक का समय बचा हुआ है। पंजीयन कराने के मामले में पड़ो?सी जिलों की स्थिति चिंताजनक है। सबसे खराब स्थिति बिलासपुर की है। यहां अब तक केवल 1.94 प्रतिशत पंजीयन ही हो पाया है। कोरबा में 35 और रायगढ़ में अब तक 40.7 फीसदी पंजीयन हो पाया है। इसके अलावा जशपुर में 14, कबीरधाम में 5.94 प्रतिशत ही ही पंजीयन हो पाया है। टॉप 5 में ये जिले हैं शामिल 1. जांजगीर-चांपा 51.12 2. सरगुजा 49.7 3. सुकमा 48.33 4. एमसीबी 46.88 5. कोरिया 45.85

पड़ोसी जिले की स्थिति चिंताजनक

परीक्षा पर चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण बोर्ड एग्जाम को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम करते हैं।

## खेतों में अब पैरावट जलाने पर लग सकता है जुर्माना

**मालखरौदा।** विकासखंड के विभिन्न गांव में निवासरत किसानों द्वारा धान फसल कटाई की परली को ना जलाने को लेकर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय मालखरौदा द्वारा किसानों से अपील किया गया है। उन्होंने कहा कि फसल कटाई के बाद खेत में बचे फसल के अवशेष को जलाने से वातावरण में जहरीली गैस जैसे मेथन कार्बन मोनोऑक्साइड नाइट्रेट ऑक्साइड से निकलने वाले गैस से प्रदूषण फैलता है जो मानव के साथ-साथ पशुओं के लिए भी हानिकारक होता है। वहीं, फसल अवशेष जलाने से मिट्टी में उपलब्ध सुक्ष्म जीव भी नष्ट हो जाते हैं उस जमीन की उर्वरक क्षमता में कमी देखने को मिलता है। इसके साथ ही जमीन के अंदर-बाहर मित्र जीव जैसे केंचुए, मकड़ी, बैक्टीरिया, फफूंद, चीटियां आदि नष्ट हो जाती हैं।



## तालाब के पास मिला युवक का शव,हत्या की आशंका

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा के धारदेई तालाब के पास सड़क किनारे युवक का शव मिला है। जिसकी पहचान ऋषि चौहान (34 साल) के रूप में हुई है। युवक के सिर पर गंभीर चोट है, उसका पैर भी टूटा हुआ मिला है। परिजनों ने हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंकने की आशंका जताई है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की है। मृतक ऋषि चौहान के भाई चंद्रहास चौहान ने बताया कि, वह 31 दिसंबर की रात 8 बजे बाइक लेकर घर से निकला था। पिता के पूछने पर घूम कर आने की बात कही थी। देर रात तक वो घर नहीं पहुंचा, तब खोजबीन शुरू की गई। अगले दिन रात 8 बजे के करीब सड़क किनारे उसका शव बरामद हुआ।ऋषि के सिर पर चोट के निशान थे, उसका एक पैर टूट हुआ। आस-पास पूछताछ करने पर पता चला कि वह राहौद के एक ढाबे में खाना खाने गया हुआ था। जहां उसका जूता और मोटर साइकिल खड़ी मिला। आरोप है कि किसी ने हत्या कर शव को सड़क के किनारे फेंक दिया है।

SDOP यदुमणि सिदार ने बताया कि सड़क किनारे शव मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं निर्वाचन व्यय हेतु प्रस्तावित अधिकतम सीमा के संबंध राजनैतिक दलों की बैठक

**जांजगीर - चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक ली। बैठक में नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं निर्वाचन व्यय हेतु प्रस्तावित अधिकतम सीमा के संबंध में चर्चा किया गया।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि निर्वाचक नामावली में दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 31 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार से 06 जनवरी 2025 दिन मंगलवार अपरान्ह 03ः00 बजे तक निर्धारित है तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष प्रारूप क-1 में नाम जोडने के आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार निर्धारित किया गया है। बैठक में नगरपालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के निर्वाचन के लिये व्यय सीमाओं का निर्धारण 2011 के जनगणना अनुसार जनसंख्या के आधार पर नगरपालिका परिषद् में 50 हजार (जनसंख्या) या उससे ऊपर होने पर 10 लाख रुपए तथा 50 हजार (जनसंख्या) या उससे कम होने पर 8 लाख रुपए व्यय निर्धारित किया गया है व नगरपंचायत के लिए 6 लाख रुपए की अधिकतम सीमा शासन द्वारा प्रस्तावित किया गया है के संबंध में राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया। बैठक में प्रदीप सराफ , रमेश पैगवार, शिशिर द्विवेदी ,आशुतोष गोपाल , हरदेव टण्डन, कमला प्रसाद खुंटे सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपथित थे।

## जिला चिकित्सालय में पुनः प्रारंभ हुआ महिला नसबंदी ऑपरेशन

**जांजगीर -चांपा।** नव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में कलेक्टर आकाश छिकारा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाती वंदना सिसोदिया के निर्देशन जिला चिकित्सालय जांजगीर मे महिला नसबंदी ऑपरेशन के हितग्राहियो को लाभ देने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय जांजगीर में प्रत्येक गुरुवार को स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू कच्छप द्वारा संपन्न कराया जावेगा। हितग्राही अपना अग्रिम पंजीयन एवं जांच एक दिवस पूर्व उपस्थित होकर कक्ष क्र. 42 में करा सकते है। सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि जिला जांजगीर चांपा में परिवार नियोजन कार्यक्रम के सुद्धीकरण के उद्देश्य से यह सुविधा जिला चिकित्सालय जांजगीर मे पुनः प्रारंभ की जा रही है ।

## मातृ शोक राजेश्री महन्त महाराज को

**सक्ति।** ग्राम पिहरीद, मालखरौदा, जिला सक्ति के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय माधव प्रसाद त्रिवेदी की धर्म पत्नी श्रीमती सावित्री देवी त्रिवेदी का देहावसान आज दिनांक 1 जनवरी 2025 को हो गया है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके तीन पुत्र क्रमश: अयोध्या प्रसाद त्रिवेदी , चूड़ामणि त्रिवेदी (गुरु दीक्षा के उपरांत आपको लोग राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के नाम से जानते हैं) एवं विश्वनाथ त्रिवेदीहैं! शोक की इस घड़ी में भगवान शिवरीनारायण जी, भगवान श्री बालाजी एवं भगवान राजीव लोचन जी महाराज सहित समस्त देवी देवताओं से प्रार्थना है कि शोक संतृप्त परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने का सामर्थ प्रदान करने की कृपा करें।अंत्येष्टि क्रिया दिनांक 2 जनवरी 2025 को ग्राम पिहरीद में सुबह 10 बजे विधि पूर्वक संपन्न होगा।



# सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का जारी किया गया पीपीओ, जीपीओ

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त उपरांत उनके पेंशन भुगतान आदेश एवं मृत्यु सह सेवानिवृत्ति उपदान भुगतान आदेश प्रदाय किये जाने की पहल की गई है। जिला कोषालय अधिकारी डॉ. रूपेश कुमार पाठक ने बताया कि माह दिसंबर 2024 में सेवा निवृत्त होने वाले कुल 24 कर्मचारियों में से 12 प्रकरण तैयार कर संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर को प्रेषित किये जाने पर 10 प्रकरण स्वीकृत किया गया। शेष प्रकरणों पर स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

आज कलेक्टर आकाश छिकारा ने राजेन्द्र प्रसाद मरकाम प्राचार्य शास.उ.मा.वि. चाम्पा, धरम सिंह कंवर कार्यपालन अभियंता मिनी माता बांगो नहर संभाग 6 सक्ती, राम प्रसाद राठौर विकास खंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह, श्रवण दास वैष्णव प्राचार्य शास. महामाया उ.मा.वि पामगढ़, संजय कुमार अवस्थी, दिल मोहन जैन, लक्ष्मी प्रसाद देवांगन, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बलौदा, विरेन्द्र प्रताप सिंह प्राचार्य शास.उ.मा.वि चोरिया एवं हरीश कुमार राठौर प्राचार्य शास. बालक उ.मा.वि चाम्पा को श्रीफल एवं साल से सम्मानित करते हुये पीपीओ, जीपीओ का वितरण किया गया। इस प्रकार सेवा निवृत्त शासकीय सेवकों को सेवा निवृत्ति के आगामी कार्य दिवस को समस्त शासकीय स्वत्वों से संबंधित प्राधिकार पत्र, जो उच्च कार्यालय द्वारा जारी किये जा रहे है, प्रदाय किया गया। इस अवसर सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर कुमार बरेठ, श्रीमती स्मिता पाण्डेय, रामाधीन साहू, महेन्द्र पाठक, रामगोपाल यादव एवं सेवा निवृत्त शासकीय सेवक के परिवारजन व कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।




**कार्यालय कोरबा जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी, कोरबा (छ.ग.)**

प्रथम तल, नवनिर्मित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भवन, कलेक्टर कार्यालय परिसर कोरबा (छ.ग.)

ई मेल- corporationkorba@gmail.com पंजीयन क्रमांक-24058 ई मेल- Kupsskorba@gmail.com

फा.क्र./102/केडीयूपीएसएस/2024/ कोरबा, दिनांक 31.12.2024

**स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन कोरबा को 11 माह की अवधि हेतु उच्चतम किराए पर देने हेतु तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन कोरबा को वर्तमान स्थिति में उक्त परिसर के नियमित रूप से रख-रखाव संधारण के साथ जन सामान्य/विभिन्न संस्थाओं/व्यक्तियों/शैक्षणिक संस्थाओं को 11 माह की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदाकर्ता दिनांक 14.01.2025 सायं 5.00 बजे तक राशि रू. 1,000/- (एक हजार रुपये) जमाकर निविदा प्रपत्र KDUPSS के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। प्री-बिड की बैठक दिनांक 07.01.2025 को दोपहर 12:00 बजे साकेत भवन सभाकक्ष में आयोजित है। परिसर को किराएदारी पर आबंटन हेतु निर्धारित शर्तों का विवरण जिला प्रशासन के वेबसाईट www.korba.gov.in के लिंक https://korba.gov.in//en/notice_category/tenders/ पर अवलोकन किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तें KDUPSS के कार्यालय साकेत भवन स्थित कार्यालय से ली जा सकती है।

**आयुक्त सह पदेन सचिव**
**कोरबा जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी**
**कोरबा (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र.1283/विद्युत/2024 दिनांक 27.12.2024

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा छ.रा.वि. मंडल एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत/लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत राजीव गांधी ऑडिटोरियम में लाईट, पंखा एवं डी.जी.सेट प्रदाय एवं स्थापना कार्य। (जिला खनिज संस्थान मद) (द्वितीय निविदा) | 33.74 | 14.01.2025 (T.No.163550) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेबसाइट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**


# बंजारा समाज के सम्मेलन में सामाजिक कार्य करने वाले लोगों एवं कलाकारों को किया जाएगा सम्मानित

**जांजगीर चांपा।** धर्मगुरू तपस्वी संत डॉ. रामराव महाराज बंजारा समाज विकास फेडरेशन भारत मुख्य कार्यालय बसव कल्याण जिल्हा बिदर कर्नाटक-राज्य (रजी.नंबर 85300KA2021NPLv43034) संस्था कीऔर से धर्मगुरू तपस्वी संत डॉ. रामराव महाराज राष्ट्रीय गोर बंजारा रत्न पुरस्कार-2025 के लिए अनेक लोगों का चयन किया गया है जो सामाजिक कार्य करते रहे हैं।

धर्मगुरू तपस्वी संत डॉ. रामराव महाराज बंजारा समाज विकास फेडरेशन भारत की ओर से सभी गोर विचारवान ,डॉक्टर, शिक्षक, इंजिनीयर, साहित्यिक, लेखक, कवि और विविध क्षेत्र मे विशेष सेवा देने वाले सभी वर्ग के लिए चतुर्थ वर्षगाठ के उपलक्ष मे गोर बंजारा रत्न पुरस्कार देने का निर्णय किया गया है। जिन लोगों को 11 जनवरी को पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा उनमें सर्व श्री शाम बाबूलाल नायक ब्रह्म कुंडी जिला धार मध्यप्रदेश, संजीव हरि सिंह राठौड़ चौकड़ीगांव नई






दिल्ली, मनोज साहेब राव राठौर बीड महाराष्ट्र, अर्जुन जनार्दन चव्हाण बीड महाराष्ट्र,प्रा ग्यानोबा सोमल जाधव परभणी, गट्टू रामलू गुर्जर नायक कोटागुणम तेलंगाना, दशरथ रामा नायक स्वमम तेलंगाना, शिव शाहीर सुरेश होना जी जाधव छत्रपति नगर, सूरजपाल सेवाराम बंजारा मकराना नागौर राजस्थान, शोभावन माधव नायक कांटाभाजी उड़ीसा, जगतानंद चंदू बागडोट मलकानगिरी उड़ीसा,संदीप वीर सिंह बंजारा कानपुर, गुलाबदास नंदू चव्हाण धाराशिवा, राजाराम गोबराजी मुंबई, दीनदयाल महेश राम बंजारा लैलूंगा छत्तीसगढ़, पुखराज आमथाजी पवार अहमदाबाद, लक्ष्मी नारायण बंजारा अकलतरा, मोहन किका जी बंजारा बड़वानी, अनिल नाथू जाधव कर्नाटक बीजापुर, श्रीमती भूकिया पार्वती बाई धर्मा आंध्रप्रदेश विजयवाड़ा, गोपालदास बी नायक केशवपुर हुबली कर्नाटक। आदि लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

सभी गोर भाईयों फेडरेशन के माध्यम से अनुरोध क किया गया है कि आप सभी लोग जो सामाजिक क्षेत्र में एवं विभिन्न क्षेत्र में विशेष पकड़ रखते हैं वे पुरस्कार के लिए नीचे लिखे लोगों से संपर्क कर अपना आवेदन पत्र -30 अक्टुबर- 2024 तक भेज सकते है।

लक्ष्मी प्रसाद नायक ने बताया कि जिन लोगों को पुरस्कार लेना है वह निम्न लिखित व्यक्तियों से उनके नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। विजय राठोड राष्ट्रीय प्रचारक,मु.पो.हुडी खुर्द पोस्ट.हुडी बु ता.पुसद,जि.यवतमाळ - 445205, महाराष्ट्र - 9881560194,जिनमें अर्चना विजय राठौड,व्यवस्थापकीय संचालक 9881560194, अभिषेक राठोड कार्यकारी संचालक कर्नाटक राज्य 78 99 98 56 48,अरुण वाघा जी पवार मध्यप्रदेश 96 85 46 82 10, रवींद्र नायक तेलंगाना 94 92 30 77 71, प्रबोधनकार पंकजपाल महाराज महाराष्ट 9373139273, खीरसागर नायक उडीसा -99 38 42 90 86, नंदलाल राठोड छत्तीसगड -62 65 37 46 84, सुभाष चव्हाण न्यू दिल्ली-8851018810, ज्ञानेश्वर राठोड मराठवाडा विभाग महाराष्ट्र- 98 90 57 89 51, श्री.एस.एन. कृष्णा नायक आंध्र प्रदेश-94 4003 4102,किशोरसिंह राठोड खरगोन मध्य प्रदेश- 96 30 33 19 66, संदीप राठोड अहमदनगर- 99 22 66 35 95,श्रीमती कल्पना बंजारा गुजरात -97 22 24 61 67, श्रीमती सुशीला राठोड (भुकीया- हैदराबाद तेलंगणा-6301579340, बालाजी शिवाजी पवार मु.ता. देवणी जि. लातूर 9579953615, आदि लोगों को आवेदन किया जा सकता है।

## अनमोल वचन......

**बनना है तो शेर की तरह बनो
झुड़ में तो हर कोई चलता है ।**

## अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे

रोहित शर्मा और खुद उनके बयानों से स्पष्ट है कि रविचंद्रन अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। संभवतः संकेत यह था कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है। कोई बड़ा खिलाड़ी किसी बड़ी टेस्ट श्रृंखला के बीच तुरंत रिटायर होने का ऐलान करे, तो उसे अवकाश लेने की सामान्य प्रक्रिया नहीं माना जा सकता। बड़े खिलाडियों की विदाई अक्सर नियोजित ढंग से और स-सम्मान होती है। इसलिए रविचंद्रन अश्विन ने जिस तरह भारत- ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरिज के बीच तुरंत रिटायरमेंट का ऐलान किया, लाजिमी है कि उस पर कयास लगाए जाएंगे। इसे संकेत माना जाएगा कि भारतीय क्रिकेट के प्रशासन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे हैं। उनका रिकॉर्ड खुद बोलता है।

भारत के पूरे क्रिकेट इतिहास में अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट विकेट लेने के लिहाज से वे दूसरे नंबर पर (537) हैं। अपने छह टेस्ट शतकों के साथ दुनिया के टॉप स्पिनरों में बतौर बल्लेबाज वे पहले नंबर पर हैं। 13 साल तक चले टेस्ट करियर के दौरान 106 मैचों में उन्होंने 37 बार एक पारी में पांच और आठ बार मैच में दस विकेट उन्होंने लिए। भारत की अनुकूल पिचों पर उन्हें खेलना किसी विदेशी टीम के लिए बड़ी चुनौती बना रहा। अब कप्तान रोहित शर्मा और खुद अश्विन के बयानों से स्पष्ट है कि 38 वर्षीय अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। इस सीरिज में अब तक हुए तीन मैचों में उन्हें सिर्फ एक में खेलाया गया। संभवतः संकेत यह था कि अगले दो मैचों में भी उनकी जगह पक्की नहीं है। ऐसे में यह मानने के बावजूद कि उनमें अभी धार बाकी है, उन्होंने तुरंत अवकाश लेने का एलान कर दिया। बड़े खिलाडियों को उनके नाम के आधार ढोया जाए, यह किसी का तर्क नहीं हो सकता। लेकिन खिलाडियों को गाइड करने और उन्हें सीधे उचित सलाह देने का सिस्टम जरूर मौजूद होना चाहिए। इसके लिए स्वस्थ संवाद की जरूरत है। लेकिन हालिया संकेत यही हैं कि भारतीय क्रिकेट संचालन में सीधा संवाद गायब है। विराट कोहली को जिस तरह कप्तानी से हटाया गया और उसके बाद से टीम का जैसा डगमग हाल है, उसके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी शायद इसी पहलू की है।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जाएगा। आपके आय के नए रास्ते बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान रहेगा। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा।

**वृष राशि-**आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में खुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते है आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मिथुन राशि-** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे और एक-दूसरे को अधिक जानने का मौका मिलेगा। अ

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सफल रहेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। सेहत के लिए मॉर्निंग वाक आपके लिए फायदेमंद होगा इससे आपको ताजगी महसूस होगी। परिवार वालों के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे, सभी लोग काफी खुश नजर आएंगे।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यह यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए बड़े भाई से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में सपरिवार सम्मिलित होंगे। आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। आज रुके हुए धन का आगमन होगा। आपको वाहन सुख मिलेगा। आप अपने सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवनसाथी की वजह से आपकी योजना सफल होगी। आपको पैसे की जरूरत होगी, वह आपको किसी करीबी से मिल जाएगा। आज की शाम दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने जायेंगे।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी अपने जीवन में न होने दें। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि-**आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। लंबे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए बदलाव भी कर सकते हैं।

# भारत को सचमुच एक खुशियों भरे भविष्य की ओर ले गए डॉ. मनमोहन सिंह

//श्रुति व्यास//

**सिर्फ दस साल पहले की बात है, मगर मानों ज़माना गुजऱ गया हो। दस साल पहले भारत भूखा था नए विजन, नई दृष्टि का। हर कोई तरक्की और अच्छे दिनों के लिए फडफडाता हुआ था। दस साल पहले लग रहा था, सबकी फील थी, भारत बढ़ रहा है। भारतीय आगे बढ़ रहे हैं। आज, लफ्फाजी और प्रोपेगेंडा है।**

मैं, सन् 2007 में, स्काटलैंड में सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय में पढ़ती थी। भारत की राजनीति की न सुध थी और न ज्यादा जानकारी। पतझड़ के आखिरी दिनों की एक सर्द दोपहर में, मैं, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर अपनी टुटोरिअल क्लास शुरू होने का इंतजार कर रही थी। विश्वविद्यालय की इमारत खामोश थी, मानों आराम कर रही हो। सभी लोग लंच के लिए गए हुए थे। मैं लंच और सुकून चैन के मूड में थोड़ी जल्दी वापस पहुंच गई। मेरे अलावा वहां एक और व्यक्ति था, जो अपने कपड़ों से खांटी अमीर,कुलीन अंग्रेज लग रहा था। लेकिन वह था एक मेक्सिकन रईसजादा जो स्विटजरलैंड में रहता था। दुआ-सलाम के बाद हम आमने-सामने बैठ गए और मैं खाना शुरू करने ही वाली थी कि उसने मेरे पर सवाल दागा, क्या तुम्हे इंडियन होने पर गर्व है? मैंने हैरानी और नाराजगी से उसे देखा। वह मेरे चैन, इतमीनान से पैनिनी इम्बोटिटो के स्वाद में खलल थी। वो आंखे फैलाकर लगातार मुझे घूर रहा था। मेरा जवाब जानने को बेताब था। मैंने अपना सैंडविच लपेटते हुए उसकी ओर देखा और बेलौस जवाब दिया, हां, बिलकुल है। लेकिन वो मेरे जवाब से न तो खुश हुआ और ना उसे उस पर भरोसा हुआ। उसने दुबारा पूछा, क्या वाकई तुम्हे गर्व है? (क्या आप सचमुच) मैंने उसकी ओर सवाल उछाला, क्या तुम्हे अपने मेक्सिकन होने पर गर्व नहीं है। उसने तपाक से कहा नहीं। मैंने हैरानी से उसकी ओर देखा। मैं सोच रही थी कि किसी को अपने देश से प्यार न हो, भला ऐसा कैसे संभव है! वह भी शायद मेरी ओर देखते हुए सोच रहा था कि इसका उलट कैसे संभव है। इसके पहले कि चर्चा आगे बढ़ती, छात्रों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। हम दोनों अपने-अपने समूहों से घिर गए और बातचीत यहीं समाप्त हो गई। इसके बाद कभी वह अधूरी चर्चा पूरी न हो सकी।

लेकिन मेरे मन में हमेशा सवाल कौंधता रहा कि उसके मन में ऐसा सवाल क्यों आया?

जब मैं स्काटलैंड गई थी तब भारत द्रुत गति से फल-फूल रहा था जबकि ब्रिटेन मंदी में डूब-उतर रहा था। जैसा कि मैंने विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदनों में अपने वक्तव्य' में कहा था, भारत बदलाव के कगार और सबसे तेजी से बढने़ वाली अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इसमें तब संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी। हमारा शेयर बाजार तेजी से बढ़ रहा था, व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग हो रहे थे, लोकतंत्र जिंदा था और माहौल उत्साहपूर्ण था। विकसित देशों में रह रहे मेरे मित्र कहते थे, कम से कम तुम्हारे पास तो वापस जाने का विकल्प है ही। भारत में आसानी से तुम्हे काम मिल जाएगा। मैं गर्वित और अच्छा फील करती थी। भारत बदल रहा था और हरेक व्यक्ति इसे देख और महसूस कर सकता था।जब मैं बड़ी हो रही थी तब भी मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि ऐसी कोई चीज है जो मैं खो रही हूं, जो मेरे पास नहीं है। निश्चित तौर पर कुछ नियम-कानून और प्रतिबंध थे, जिनका पालन हमें करना पड़ता था। मगर जिंदगी इतनी बुरी भी नहीं थी। एक बच्ची बतौर मेरा जीवन उदास नहीं था। हम रोज एक घंटे कम्प्यूटर का इस्तेमाल कर सकते थे और शाम को केबिल टीवी देख सकते थे, हमें स्कूल ले जाने के लिए कार थी और समय-समय पर हमें नए आधुनिक खिलौने और गेम मिल जाते थे। ये सभी उस समय भारत में आसानी से उपलब्ध थे। हम लोगों को सिनेमा भी ले जाया जाता था और छुट्टियों में हम शहर के बाहर भी जाते थे।

आज जब मैं पीछे मुड़कर उस दौर को याद करती हूं तो मुझे लगता है कि हमारा बचपन खुशनुमा इसलिए था क्योंकि उस दौर में भारत और भारतीय दोनों खुश थे, फालतू की चिंताएं नहीं थी। सब आगे बढ़ रहे थे। और तब उस समय, उसके पीछे थे डॉ. मनमोहन सिंह।

मुझे सन् 2004 की धुंधली यादें हैं जब सुषमा स्वराज ने एक बड़ा तमाशा किया था। उन्होंने धमकी दी थी कि अगर सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनी तो वे अपना सिर मुंडवा कर सन्यासिन बन जाएंगीं। मुझे यह भी याद है कि किस तरह सोनिया गांधी ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच यह सिद्ध किया था कि उनका कद उन सबसे ऊंचा है। उन्होंने साफ़ कहा कि वे प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहतीं और यह जिम्मेदारी उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह को सौंपने की घोषणा भी की। इस एक्सीडेंटल प्राईम मिनिस्टर ने उसी दिन कहा था कि हम भविष्य को खुशियों से भर देंगे और यही हुआ भी। प्रधानमंत्री बतौर वे भारत को सचमुच एक खुशियों भरे भविष्य की ओर ले गए। दुनिया में तब भारत पर विश्वास था।

सन् 1991 में उन्होने जो बीज बोए थे उनकी फसल काटने का वक्त आ चुका था। सन् 2004 से लेकर 2014 तक प्रधानमंत्री बतौर अपने कार्यकाल में उन्होंने भारत को आधुनिकता और समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ाया। उसे पहले से ज्यादा शक्तिशाली बनाने में भी योगदान दिया। उनके कार्यकाल में अर्थव्यवस्था नौ प्रतिशत की गति से बढ़ी। इतना ही नहीं भारत को लंबे समय बाद अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रुतबा हासिल हुआ। उन्होंने अमेरिका के साथ ऐतिहासिक परमाणु संधि की। आईटी सेवाओं के निर्यात के कारण देश में ढ़ेर सारे डालर आ रहे थे। 1991 के मध्य में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार करीब एक अरब डालर का था। उनके कार्यकाल की समाप्ति के समय इस भंडार में 280 अरब डालर थे और अब उसके करीब दो गुना हैं। भारत शाईन कर रहा था और भारतीयों के चेहरों पर भी चमक थी - भारत में भी और विदेश में भी।

हमारे साथ कहीं दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार नहीं होता था। हमें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। देश जिस तेज गति से आगे बढ़ रहा था उसे भी दुनिया प्रशंसा की निगाह से देख रही थी। हम चीन से मुकाबिल थे और विकसित देशों के क्लब की सदस्यता हासिल करने की ओर बढ़ रहे थे। आर्थिक मामलों की डॉ मनमोहन सिंह की समझ और उनकी बृद्धिमत्ता ने उन्हें पूरी दुनिया में सम्मान का पात्र बनाया था। देश में एक तरह का चैन और सुकून था। सबको पता था कि शीर्ष पर बैठा आदमी समाज को बांटने वाला नहीं है, वह लोगों को आपस में लड़ाना नहीं चाहता और उसके राज में किसी को भी असुरक्षित महसूस करने की जरूरत नहीं है।

उन दिनों मैं भारतीय राजनीति से दूर थी परंतु मुझे यह जरूर याद है कि उस दौर की राजनीति परिपक्व थी, अर्थपूर्ण थी और काफी तक विचारधारा पर आधारित थी। दिल्ली संकीर्ण सोच वाले बेईमान राजनीतिज्ञों से भरी नहीं थी और ना ही राजनीति का उद्धेश्य केवल अपनी भलाई करना था। संसद में भी एक तरह का खुलापन था। सरकार अपनी आलोचना सुनने को तैयार थी - चाहे वह आलोचना विपक्ष कर रहा हो या प्रेस। संसद में शेरो-शायरी होती थी और असहमतियां, सहमतियों में और सहमतियां, असहमतियों में बदलती रहतीं थीं। सबकी अपनी-अपनी वफादारियां थीं और अपनी-अपनी पसंद-नापसंद भी, मगर एक-दूसरे से नफरत का भाव नहीं था।

मैंने डॉ सिंह और प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल का बहुत विस्तार से अध्ययन नहीं किया है लेकिन मैं एक बात जानती हूं और वह यह कि उन्होंने मुझे फलती-फूलती अर्थव्यवस्था पर गर्व करने का मौका दिया। सन् 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद से भारतीयों को लगने लगा था कि उनके बच्चों का जीवन उनके जीवन से बेहतर होगा। उस समय भारत सपने देख रहा था। उसके दिल में ढेर सारी महत्वाकांक्षाएं हिलोरें मार रहीं थीं। आने वाला समय खुशनुमा और सुनहरा लग रहा था।

परंतु अच्छा दौर बहुत लंबा नहीं चलता। जब मैं भारत वापिस आई तब तक मनमोहन सिंह का सुनहरा काल और उस दौर की राजनीति अस्त हो चली था। भ्रष्टाचार के ढेर सारे आरोप थे और झूठ का बहुत बड़ा जाल बुना जा चुका था। अपने दूसरे कार्यकाल में वे अधिकांश समय चुप्पी साधे रहे। उनका खूब अपमान हुआ। जो काम उन्होंने किया था, उसे भुला दिया गया। उन्हें शर्मिंदा किया गया और उन पर एक नाकाम प्रधानमंत्री का लेबल चस्पा कर दिया गया। मगर वे कभी अपने विरोधियों के स्तर पर नहीं उतरे। सन् 2014 में यह घोषणा करते समय कि वे तीसरा कार्यकाल पाने की कोशिश नहीं करेंगे उन्होंने मुस्कराते हुए लेकिन मजबूती से कहा था कि आज के मीडिया या विपक्ष की तुलना में इतिहास मेरे प्रति अधिक उदार होगा।

उनके शब्द कितने सही थे! उनकी मृत्यु ने आज भारतीयों को उस पुराने दौर को याद करने को मजबूर कर दिया है। वह समय इतना अच्छा था कि आज वह सपने जैसा अवास्तविक लगता है। केवल एक दशक पहले हमारे पास एक ऐसा प्रधानमंत्री था जो सत्ता के पीछे पागल नहीं था। बल्कि उसने हम सबको थोड़ी-थोड़ी सत्ता देने का प्रयास किया। हमारे पास एक ऐसा प्रधानमंत्री था जिसकी जबरदस्त आलोचना हुई पर जो कभी प्रेस का सामना करने में नहीं हिचकिचाया; एक ऐसा प्रधानमंत्री जिसने विपक्ष के गुस्से का खुलकर सामना किया; एक ऐसा प्रधानमंत्री जो चुप्पी साधे रहा ताकि उसके आसपास के लोग उसकी निंदा कर सकें, उसे खरी-खोटी सुना सकें, उससे असहमत हो सकें और उसके प्रति अपने गुस्से का इजहार कर सकें। जिस समय डॉ सिंह पर चौतरफा हमले हो रहे थे तब रामचंद्र गुहा ने कहा था कि इतिहास में मनमोहन सिंह का नाम भारत के पहले सिक्ख प्रधानमंत्री के तौर पर तो दर्ज होगा ही मगर एक ऐसे प्रधानमंत्री के तौर पर भी दर्ज होगा जिसे यह नहीं मालूम कि उसे कब रिटायर हो जाना चाहिए। गुहा ने कहा था, यह साफ है कि वे थके हुए हैं, गाफिल हैं और उनमें जरा सी भी ताकत नहीं बची है। यह सही हो या गलत मगर एक बात तो तय है कि आज जिस भारत को डॉ सिंह अपने पीछे छोड़ गए हैं, वह सचमुच थका हुआ है, गाफिल है और उसमें जरा सी भी ताकत नहीं बची है। न कोई जोश है और न सुकून और न सुख। चंद लोग आगे बढ़ रहे हैं और हम सब केवल पुराने दिनों को याद कर रहे हैं। हमें बताया गया है कि हम अमृत काल में जी रहे हैं। लेकिन न तो हमारी थाली में और न हमारी कटोरी में अमृत की एक भी बूंद है।

और मैं जानती हूं कि यदि आज वह मेक्सिकन मुझसे पूछे कि क्या मुझे इंडियन' होने पर गर्व है तो मैं उसे इस बेसिरपैर का प्रश्न पूछने के लिए उसे तुनक कर बुरा-भला कहूंगी। मैं उससे कहूंगी कि क्या उसे नहीं मालूम कि भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मगर मैं यह भी जानती हूं कि मेरे तुनकने' के पीछे जो अनकहा है, उसे वह समझ जाएगा। हम दोनों एक-दूसरे की तरफ देखेंगे, हम दोनों को एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति महसूस होगी और मुझे तब समझ आ जाएगा कि वह खुद भी मेक्सिकन होने में गर्व का अनुभव क्यों नहीं करता।

# अब सम्मान नहीं बल्कि लोकप्रियता हासिल करना ही मुख्य लक्ष्य

// श्रुति व्यास//

**अब वह समय नहीं रहा जब आप झूठ न बोल कर सम्मान के पात्र बनते थे। आज राजनीति में झूठ बोलकर ही अपना नैरेटिव, सहानुभूति और जनसमर्थन चाहिए। हम बहुत भद्दे, गंदे समय में जी रहे हैं। एक बुरी तरह बंटे और कटे हुए समाज में जी रहे हैं। हर आदमी सही है और हर आदमी गलत है। जो हर एक मुद्दे पर हमसे सहमत नहीं हैं वो हमारे लिए बुरा बन जाता है।**

राजनीति ने हालात और खऱाब किए हैं। लोगों को बांट दिया है, धुव्रीकृत कर दिया है। नेता अब विचारधारा के आधार पर नहीं चुने जाते है। हम किसी पार्टी को इसलिए वोट नहीं देते है क्योंकि हमें उस पर भरोसा है। बल्कि हम उसे इसलिए वोट देते हैं क्योंकि हम उसकी विरोधी पार्टी से डरते हैं या नफरत करते हैं। हम किसी को पसंद नहीं करते, हम उसके प्रतिद्वंदी को नापसंद करते है।

तभी बंटे हुए समाज में, इस ध्रुवीकरण से लोकलुभावन बातें बेइंतहा बढ़ गई है। सारी दुनिया में मुख्यधारा के अधिकांश राजनेता अब वोट हासिल करने और लोगों को भावनात्मक रूप से अपने से जोडने़ के लिए एक ही राग अपनाएं हुए है कि वे आम आदमी के पक्षधर हैं और कुलीनों, बड़े लोगों के विरोधी हैं।लोक लुभावन बातें सिर्फ दलगत राजनीति तक सीमित नहीं हैं। सार्वजनिक संवादों में लोकलुभावनवाद का प्रयोग मुख्यतः सत्ता-विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए किया जाता है, इस नजरिए को पेश करने के लिए किया जाता है कि कुलीन भ्रष्ट हैं। यह धारणा इस हद तक बढ़ चुकी है कि कुलीन वर्ग ' - जिसमें पढे-लिखे, अध्येता और पत्रकार भी शामिल हैं - ने इसे स्वीकार लिया है। नियति मान लिया है कि अब ऐसे ही चलेगा। यह हमारी रोजमर्रा की चर्चाओं में शामिल हो चुका है। यह सब मान चुके हैं कि कुलीन, बौद्धिक वर्ग भ्रष्ट है और आम लोगों के कॉमनसेंस, सहज समझदारी की चिंता नहीं करता।पिछ्ले तीन-चार दिनों में - पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देहावसान के बाद से - यह विभाजन साफ तौर पर दिखलाया दिया है। सोशल मीडिया विरोध और नफरत से भरा हुआ है। सब एक दूसरे की हर मुद्दे पर खिलाफत कर रहे हैं। इनमें कांग्रेस और भाजपा दोनों शामिल हैं। पुराने, एक सेकंड लम्बे वीडियो खोद निकाल पोस्ट किए जा रहे हैं ताकि गुस्सा भड़के। पार्टियों के ट्रोल योद्धा जोरशोर से ऐसी चीज़ें पोस्ट कर रहे हैं जिससे नफरत और बढ़ रही है। विरोधी भावनाएं' उफान पर हैं। विरासतों को कलंकित किया रहा है। प्राण त्याग चुके व्यक्ति की आत्मा को बार-बार यातना दी जा रही है - एक के बाद एक ट्वीट करके, मौके पर चौका मारने के लिए और इतिहास पर पर्दा डाला जा रहा है।मैं यह नहीं समझ पा रही हूँ भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे नैरेटिव - विशेषकर देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री की मृत्यु से जुड़े हुए नैरेटिव - से भला किस तरह उसे आगे राजनैतिक, चुनावी लाभ हासिल होगा या पार्टी की इमेज चमकाई जा सकती है। लेकिन जब सत्ता पाना, उसके इस्तेमाल करने, से अधिक महत्वपूर्ण होता है तब कुछ भी सही या गलत नहीं रह जाता। आज की राजनीति इस हद तक नफरत भरी हो गई है कि झूठ बोलने में लोगों को मज़ा आता है। राजनीतिज्ञ अपने विरोधियों को दानव साबित करने में जुटे हुए हैं, फिर चाहे वे इस दुनिया में हों या न हों। वे दूसरे पक्ष को भ्रष्ट, अतिवादी और बेईमान साबित करने के लिए बिना किसी झिझक के झूठ का सहारा ले रहे हैं। आखिरकार सच्चाई का सामना करने के लिए दमदार लीडरशीप की जरूरत होती है और राजनीति करने से आपको सदैव सबका सम्मान हासिल नहीं होता। डॉ। मनमोहन सिंह को हमेशा कड़वी अपमानजनक बातें सुननी पड़ीं लेकिन वे चुप्पी साधे रखने के अपने संकल्प से नहीं डिगे। उन्हें उनके कामों के लिए याद रखा जाएगा, उनका काम बोलेगा, यही उनका नजरिया रहा।

## तस्वीरों की दुनिया




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जगदलपुर के लिए रवाना होने से पहले ने मीडिया से चर्चा करते हुए जगदलपुर दौरे को विस्तार से पत्रकारों को बताया।



छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें 3 लोगों की जान चली गई। यह हादसा कसडोल थाना क्षेत्र के कलमीडीह गांव में हुआ, जहां तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रौंद दिया। हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर प्रवास के दौरान श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह के दौरान उन्होंने प्रांगण में सागौन के पौधे रोपे। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय के आचार्यगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन मुंबई के गोरेगांव में राज्य रिजर्व पुलिस बल मैदान में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा आयोजित महाराष्ट्र पुलिस स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी. राजा अन्य नेताओं के साथ पटना के एसके मेमोरियल हॉल में पार्टी के शताब्दी समारोह में शामिल हुए।



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए अमेरिकी दूतावास का दौरा किया।

# संभल जामा मस्जिद में मंदिर होने का मिला सबूत कोर्ट में पेश की गई 45 पन्नों की सील बंद रिपोर्ट

**संभल, 03 जनवरी [एजेंसी]।**



संभल की चर्चित जामा मस्जिद में कई ऐसे साक्ष्य मिलने की बात सामने आई है, जो इस ओर इशारा करते हैं, कि यहां कभी मंदिर हुआ करता था। इस संबंध में गुरुवार को एडवोकेट कमिश्नर रमेश राघव ने अपनी सर्वे रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत की।हालांकि, उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर अधिकृत सूत्रों का कहना है कि रिपोर्ट में पूरब के गेट पर कुछ हिस्से को हटाने का भी उल्लेख किया गया है। यहां मूर्ति जैसी आकृति को हटाकर नया निर्माण कराया गया है।वहीं, शिलालेख पर पुरानी लिखावट मिटाकर उर्दू में लिखा गया है। माना जा रहा है कि पुरानी लिखावट इस इमारत के इतिहास से जुड़ी रही होगी।

मस्जिद में अंदर मुख्य कक्ष में ऊपर के हिस्से को तोड़कर गुंबद बनाने का भी उल्लेख है। कोर्ट में पेश वाद में भी इस पर सवाल उठाया गया। मस्जिद के अंदर भी जमीन को खोदकर कुछ कलाकृतियों को दबाया गया है। दीवार पर कलाकृति अलग प्रतीत हो रही है, जबकि खुदाई में निकली कलाकृति अलग है। मस्जिद के अंदर टांगे गए झूमर में लगी जंजीर भी ऐसी है, जिसमें घंटा बांधा जाता है। मस्जिद के परिसर में एक वट वृक्ष भी है। साथ ही नमाज पढ़ने वाले स्थान पर दो कोठरी भी हैं। आमतौर पर दीवार होती है। एक स्थान ऐसा लग रहा है, जो परिक्रमा लगाने जैसा है। नमाज पढ़ने वालों के लिए वजू की व्यवस्था भी अधिक पुरानी प्रतीत नहीं होती है। जामा मस्जिद के मुख्य गेट को तोड़कर कुछ अंदर जाकर रेलिंग लगाने पर सवाल उठाया गया है। इस मामले में 19 जनवरी, 2018 को एएसआई की ओर से मस्जिद कमेटी के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस जामा मस्जिद कमेटी के खिलाफ चार्जशीट भी लगा चुकी है। मुख्य गेट के पास एक कमल का फूल है। अंदर भी दो फूल बताए गए हैं। इन्हें भी मिटाने की कोशिश की गई है। 19 नवंबर को कोर्ट में आठ वादियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने वाद दायर किया। सुनवाई के लिए अगली तिथि 29 नवंबर तय की।कोर्ट ने वाद दायर होने वाले अधिवक्ता रमेश राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त कर सर्वे का आदेश दिया। पहले चरण की वीडियोग्राफी उसी दिन कराई गई। 24 नवंबर को तड़के दूसरे चरण की वीडियोग्राफी कराई गई। इसे लेकर संभल में हिंसा भड़क गई। चार लोग मारे गए। 30 से अधिक घायल हुए। 29 नवंबर को एडवोकेट कमिश्नर ने रिपोर्ट पेश करने के लिए 10 दिन का समय मांगा। उसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने भी मस्जिद कमेटी को हाई कोर्ट जाने को कहा। नौ दिसंबर को एडवोकेट कमिश्नर ने अस्वस्थ होने का हवाला देकर कोर्ट ने 15 दिन का और समय देने का आग्रह किया। सुप्रीम रोक होने की वजह से कोर्ट ने टिप्पणी नहीं की।सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कोर्ट ने 19 नवंबर को सर्वे का आदेश दिया था। 45वें दिन पेश की गई करीब 45 पेज की रिपोर्ट के साथ लगभग 50 वीडियो और फोटो शामिल किए गए हैं। रिपोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की संरक्षित इमारत होने के बाद भी मस्जिद में तोड़फोड़ कर नवनिर्माण कराने पर जामा मस्जिद कमेटी को कठघरे में खड़ा किया गया है। खुदाई कराकर प्रमाण को खुर्द-बुर्द करने की बात भी कही गई है। रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दौरान वादी पक्ष से गोपाल शर्मा, एएसआई के अधिवक्ता विष्णु शर्मा, जामा मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता मोहम्मद शमीम और जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) प्रिंस शर्मा मौजूद रहे।

सीलबंद रिपोर्ट को सभी के हस्ताक्षर कराकर कोर्ट में रखा गया है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कोर्ट में 19 नवंबर को आठ वादकारियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने जामा मस्जिद में हरि हर मंदिर होने का दावा पेश किया था। कोर्ट ने उसी दिन वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया था। 19 व 24 नवंबर को वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराने के बाद एडवोकेट कमिश्नर ने कोर्ट से दो बार समय लिया। गुरुवार शाम करीब सवा चार बजे उन्होंने कोर्ट में रिपोर्ट पेश की। इस दौरान कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई। एएसआई के अधिवक्ता विष्णु शर्मा ने बताया कि सीलबंद रिपोर्ट को जज ने एक दूसरे लिफाफे में रखा। उस लिफाफे को भी सील कर रख लिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही उसे खोला जाएगा। रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद लौटे एडवोकेट कमिश्नर ने बताया कि रिपोर्ट में वीडियो फुटेज के साथ ही कई फोटो भी हैं। इसमें प्रमुख बिंदुओं के जवाब तलाशने की कोशिश की गई है। अब कोर्ट को इसपर विचार करना है। उन्होंने बताया कि 29 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने जामा मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें छह जनवरी तक हाई कोर्ट जाने को कहा है।

## राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ मुख्यालय का किया दौरा बोले- रक्षा सुधारों में DRDO निभाएगा अहम भूमिका

**नई दिल्ली।** सेना को तकनीकी रूप से उन्नत बल में बदलने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष घोषित करने के एक दिन बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि डीआरडीओ निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल बढ़ाने को लेकर कही ये बातराजनाथ ने डीआरडीओ मुख्यालय का दौरा किया और इसके 67वें स्थापना दिवस के मौके पर वरिष्ठ विज्ञानियों और विभिन्न अधिकारियों के साथ बातचीत की। सरकार ने बुधवार को 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष घोषित किया था और कहा था कि इसका उद्देश्य सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए एकीकृत थिएटर कमान शुरू करना तथा सेना को तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार बल में बदलना है। रक्षा मंत्रालय ने जिन सुधारों की योजना बनाई है उनका व्यापक उद्देश्य रक्षा खरीद प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाना, प्रमुख हितधारकों के बीच गहन सहयोग सुनिश्चित करना, बाधाओं को दूर करना, अक्षमताओं को समाप्त करना और संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करना है।

## मुकेश अंबानी देने जा रहे निवेशकों को सौगात, नए साल में ला रहे 40,000 करोड़ रुपये का विशाल आईपीओ

**नई दिल्ली।** देश सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी अपने निवेशकों को बड़ी खुशखबरी देने जा रहे हैं। अंबानी रिलायंस जियो को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने आईपीओ लॉन्चिंग को लेकर तैयारी भी शुरू कर दी हैं। हिंदू बिजनेसलाइन की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कंपनी का आईपीओ 35,000 से 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। द हिंदू बिजनेस लाइन की रिपोर्ट के अनुसार, टेलीकॉम कंपनी का मूल्यांकन 40,000 करोड़ रुपये होने तक की संभावना है और यह विशाल आईपीओ 2025 की दूसरी छमाही में आने की उम्मीद है और इसमें मौजूदा शेयरों के साथ-साथ नए शेयरों की बिक्री के साथ-साथ चुनिंदा निवेशकों के लिए प्री-आईपीओ प्लेसमेंट भी शामिल होगा।

सूत्रों का कहना है कि कंपनी की नजर 120 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर है। अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए), सिल्वर लेक, मुबाडाला, केकेआर आदि सहित विदेशी निवेशकों के पास वर्तमान में रिलायंस जियो में लगभग 33 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आरआईएल ने 2020 में लगभग 18 बिलियन डॉलर जुटाने के लिए कई वैश्विक निवेशकों को जियो हिस्सेदारी बेची थी।

## पीथमपुर पहुंचा यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा, विरोध के स्वर भी मुखर, आज बंद का ऐलान

**इंदौर, 03 जनवरी [एजेंसी]।**



भोपाल को तो गैस त्रासदी के 40 वर्षों बाद यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे से मुक्ति मिल गई, लेकिन धार जिले के जिस पीथमपुर में उसे नष्ट करना है, वहां विरोध के स्वर मुखर हो गए हैं। 250 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 12 कंटेनरों में 337 टन कचरा गुरुवार भोर करीब साढ़े चार बजे पीथमपुर पहुंचाया गया। कंटेनर के पहुंचते स्थानीय निवासियों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कचरे को यहां जलाने से रोकने की मांग को लेकर शुक्रवार को पीथमपुर बंद का भी आह्वान किया गया है। इसके मद्देनजर जिस रामकी कंपनी में निस्तारण होना है, उसके आसपास कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। उधर, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाकर समझाने की कोशिश की कि कचरे के निस्तारण से जनहानि की आशंका नहीं है। इसके बावजूद बंद वापस नहीं लिया गया।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी भोपाल में पत्रकार वार्ता कर पीथमपुर में कचरे के निस्तारण पर शासन की ओर से स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि सभी मानकों का पालन किया जा रहा है। विशेषज्ञ कह चुके हैं कि 25 वर्ष में कचरे का जहरीलापन समाप्त हो जाता है, यूनियन कार्बाइड गैस लीक के तो 40 साल बीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की देखरेख में ही निस्तारण किया जाएगा। उधर, सूत्रों ने बताया कि कचरे को नष्ट करने पर 126 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसका वहन प्रदेश सरकार करेगी। कचरा नष्ट करने की शुरुआत 15 दिनों की ट्रायल प्रक्रिया के बाद की जाएगी। सन 2010 में उठे कचरे को पीथमपुर में लाकर जलाने की बात ने खूब तूल पकड़ा और तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश खुद पीथमपुर स्थित रामकी कंपनी पहुंचे थे, परंतु उस वक्त पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने में चार दशकों से पड़े रासायनिक और जहरीले कचरे को पीथमपुर स्थित संयंत्र में नष्ट करने की तैयारी तेज होते ही विरोध के स्वर भी तेज हो गए हैं। जिम्मेदार इस बारे में कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं।ऐसे में लोगों को भोपाल में हजारों लोगों की जिंदगी लीलने वाले इस कचरे का भोपाल से पीथमपुर आने की भनक लगते ही लोगों को चिंता में डाल दिया है। इसलिए विरोध करने वाले लामबंद हो गए हैं। रविवार को पीथमपुर रक्षा मंच के बैनर तले श्रीराम रामेश्वर मंदिर से एक रैली निकाली गई।

## बंगाल बना बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए नर्सरी, गिरिराज सिंह बोले- ममता सरकार ने उनके लिए बिछाया लाल कालीन



**कोलकाता, 03 जनवरी [एजेंसी]।**

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि बंगाल बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए एक नर्सरी बन गया है। सिंह ने कहा कि बंगाल सरकार ने शुरू में बांग्लादेशियों के लिए लाल कालीन बिछाया और अब तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी एवं उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी बांग्लादेश के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। बंगाल दौरे पर आए गिरिराज सिंह ने कोलकाता से सटे बैरकपुर में केंद्रीय पटसन एवं समवर्गीय रेशा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईजेएएफ ) में कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ममता बनर्जी को राज्य और पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। दरअसल, ममता ने दिन में एक प्रशासनिक बैठक में आरोप लगाया कि केंद्र के इशारे पर बीएसएफ बंगाल को अस्थिर करने के इरादे से अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए बांग्लादेशी नागरिकों का घुसपैठ करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बीएसएफ ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देना जारी रखती है, तो तृणमूल कांग्रेस उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। गिरिराज सिंह ने कहा कि जिस तरह से सीएम ममता ने बांग्लादेशियों के लिए लाल कालीन बिछाया और फिर उन्होंने कहा कि जब तक वह यहां हैं, कोई भी बांग्लादेशियों को नहीं निकाल सकता। उन्होंने ममता सरकार पर वोट बैंक के घुसपैठ को बढ़ाना देने का आरोप लगाते हुए जोर देकर कहा कि बंगाल बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए एक नर्सरी बन गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बैरकपुर में केंद्रीय पटसन एवं समवर्गीय रेशा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईजेएएफ ) में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

उन्होंने सीआरआईजेएएफ द्वारा प्रशिक्षित लखपति दीदियों से भी संवाद किया और कहा कि उनकी कहानियां सुनना प्रेरणादायक अनुभव रहा। उन्होंने सीआरआईजेएएफ परिसर में आयोजित जूट स्टेकहोल्डर मीट में इंडियन जूट मिल्स एसोसिएशन (आईजेएमए), जूट इंडस्ट्री और वैज्ञानिकों के साथ जूट और बास्ट फाइबर्स के अवसरों और चुनौतियों पर महत्वपूर्ण चर्चा भी की। सिंह ने कहा कि जूट डाइवर्सिफिकेशन से जूट मिलों का स्थाई विकास, किसानों और श्रमिकों की आय में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने संस्थान के फाइबर म्यूजियम और नेचुरल फाइबर टेक्नोलॉजी हाल का भी दौरा किया। यहां जूट, रैमी, फ्लेक्स, सिसल और अन्य बास्ट फाइबर्स की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सीआरआईजेएएफ में फ्लेक्स स्कचिंग मशीन का भी उद्घाटन किया।

## लखनऊ सामूहिक हत्याकांडः बस्ती पर ऐसा ठप्पा लगाऊंगा जीवन भर याद रखोगे, अरशद ने आगरा में दी थी लोगों को धमकी

**आगरा, 03 जनवरी [एजेंसी]।**

बस्ती पर ऐसा ठप्पा लगाकर फसाउंगा कि जीवन भर याद रखोगे। छह महीने के दौरान अरशद बस्ती में सरेआम यह एलान कर चुका था। फातिमा कहती हैं कि उन्होंने पहले ही बस्ती वालों से कहा था कि उसके विरुद्ध शिकायत करनी चाहिए। मगर, लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, बस्ती वालों को लगा कि सनकी होने के चलते वह इस तरह की बात करता रहता है। समय रहते उसकी शिकायत की होती तो वह शायद सामूहिक हत्याकांड नहीं होता। बस्ती में चर्चा है कि मोहम्मद बदर ने मकान की वसीयत बेटियों के नाम कर दी थी, जिसके बाद से वह अधिक उग्र हो गया था। कई बार पिता को भी चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ा चुका था। लोगों ने कहा कि पिता की वसीयत के बारे में जानकारी करनी चाहिए। असमां उनकी चारों




की बेटियों की सामूहिक हत्या से इस्लाम नगर के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। बस्ती के लोग हत्यारे पिता-पुत्र को भविष्य में यहां नहीं आने देना चाहते हैं। उनका कहना था कि जो अपनी मां और बहनों की हत्या कर सकते हैं, वह दूसरों के लिए भी यही सोच रखेंगे।लोगों ने बताया कि मोहम्मद बदर ने बस्ती में ही सामने रहने वाले अलीम खान को 50 वर्ग गज भूखंड जनवरी 2024 में बेच दिया था, जिससे मिले सात लाख रुपये में बदर ने दोमंजिल मकान बनाया। बस्ती वालों का कहना है कि बदर ने मकान की वसीयत चारों बेटियों के नाम कर दी थी, जिससे अरशद बेहद गुस्से में था। उसे लगता था कि पिता ने उसका हक बहनों को दे दिया है, जिसके लिए वह मां असमां को जिम्मेदार मानता था। उसे लगता था कि मां के दबाव में पिता ने बहनों के नाम वसीयत की थी, जिस पर वह कई बार पिता को भी चाकू लेकर दौड़ा चुका था।बस्ती वालों को आशंका है कि पिता की वसीयत असमां उनकी चारों बेटियों की हत्या का कारण बन गई। अरशद ने खुद को बचाने के लिए वीडियो बनाकर बस्ती वालों का नाम ले लिया। यह सब उसकी सोची समझी साजिश का हिस्सा था।इस्लाम नगर की मीट वाली गली के दर्जनों लोगों को पूरी रात नहीं नहीं आयी। उन्हें डर सताता रहा कि अरशद ने लखनऊ में पूछताछ में किसी का नाम ले दिया होगा तो पुलिस रात में ही उन्हें आकर पकड़ सकती है। उसके बयान के चलते पुलिस को किसी को गिरफ्तार करके जेल न भेज दे।

## आखिर क्यों खतरनाक गोला-बारूद खरीदने जा रही सरकार

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मौजूदा वायु रक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए सरकार ने भारतीय कंपनियों से 23 मिमी एंटी-ड्रोन गोला-बारूद के उत्पादन के लिए जानकारी (आरएफआई) मांगी है। यह गोला-बारूद ड्रोन नष्ट करने के लिए मौजूदा जू 23 मिमी और शिल्का वेपन सिस्टम में इस्तेमाल किए जाएंगे और दुश्मन ड्रोन के पास पहुंचते ही फट जाएंगे, जिससे इनकी निशाने को नष्ट करने की संभावना बढ़ जाएगी। पहली जनवरी को जारी आरएफआई का मकसद मेक इन इंडिया के तहत सार्वजनिक क्षेत्र या निजी निर्माण इकाइयों की पहचान और चयन करना है। आरएफआई के अनुसार हाल की लड़ाइयों से पता चला है कि दुश्मन की वायु रक्षा को कमजोर करने और जमीन पर तैनात सेना के वायु रक्षा प्लेटफार्म पर सटीक निशाना लगाने में हमला करने वाले ड्रोन और खुद फट जाने वाले ड्रोन का काम असरदार रहा है।

## डिग्री ही नहीं, रोजगार भी दिलाएंगे कॉलेज और यूनिवर्सिटी, यूजीसी ने जारी किया ड्राफ्ट

**नईदिल्ली, 03 जनवरी [एजेंसी]।**

उच्च शिक्षण संस्थान अब सिर्फ कौशल आधारित शिक्षा देकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकेंगे, बल्कि उन्हें इसकी पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए रोजगार के अवसर भी मुहैया कराने होंगे। देश भर के उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक शिक्षा के साथ कौशल आधारित शिक्षा देने को लेकर तैयार किए मसौदे में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने यह अहम सिफारिश की है।

आयोग ने इसके तहत प्रत्येक संस्थानों से रोजगार मेले आयोजित करने और रोजगार के लिए छात्रों की काउंसिल करने जैसे सुझाव भी दिए है। यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों को शैक्षणिक शिक्षा के साथ कौशल आधारित शिक्षा देने को लेकर यह




मसौदा तब जारी किया है, जब मौजूदा समय में इन संस्थानों से बीए, बीएससी जैसी शैक्षणिक शिक्षा लेने के बाद भी छात्रों को रोजगार के लिए भटकना होता है। फिलहाल जो मसौदा तैयार किया गया है, उनमें संस्थानों को कौशल आधारित शिक्षा के साथ ही इस बात की भी चिंता करनी होगी कि इस शिक्षा को हासिल करने के बाद छात्रों को रोजगार भी मिल जाए। इसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों से अपना एक जॉब पोर्टल और प्लेसमेंट सपोर्ट टीम गठित करने को कहा गया है। इसके साथ कौशल आधारित कोर्स व विषयों की पढ़ाई के बाद उससे जुड़े रोजगार देने वाले उद्योगों व क्षेत्रों की पहचान करने का भी सुझाव दिया है, जिसमें ऐसे उद्योगों की सूची तैयार करने, उनके साथ रोजगार व इंटर्नशिप को लेकर समझौते करने और संबंधों स्थापित करने के लिए एक सेल गठित करने को भी कहा है।यूजीसी ने कौशल आधारित शिक्षा के लिए तैयार मसौदे में किसी भी कोर्स की पढ़ाई के दौरान थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल और इंटर्नशिप पर भी बड़ा फोकस किया है, जिसमें प्रत्येक संस्थानों से ऐसे उद्योगों की पहचान करने व संस्थानों से निकलने वाले छात्रों को इंटर्नशिप का मौका मुहैया कराने के लिए रोडमैप तैयार करने की सुझाव दिया है।

## डिजिटल अरेस्टः टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था रूसी नागरिक, 17 लाख की ठगी की और फिर...

**अहमदाबाद, 03 जनवरी [एजेंसी]।**

डिजिटल अरेस्ट कर एक व्यक्ति से 17 लाख रुपये की ठगी किए जाने के मामले में गुजरात पुलिस ने रूस के नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपित अनातोली मिरोनोव रूस के आरेनबर्ग शहर का निवासी है। साइबर क्राइम सेल के अनुसार वह चीन के नागरिक द्वारा चलाए जा रहे गिरोह के लिए गेटकीपर के रूप में काम करता था। उसने अपराध की आय को विभिन्न खातों में ट्रांसफर करने में मदद की। उसमें से कुछ रकम को क्रिप्टोकरेंसी में भी बदलने में भी मदद की। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर) ने बताया कि गेटकीपर बिचौलिया होता है। वह अपराध से प्राप्त फंड को गिरोह के बैंक खातों में ट्रांसफर करने में मदद करता है। मिरोनोव पिछले साल पर्यटक वीजा पर भारत में आया था। वह महाराष्ट्र के पुणे में धोखाधड़ी के एक ऐसे ही अन्य मामले में जेल में था। साइबर क्राइम सेल ने प्रोडक्शन वारंट के जरिये वहां की जेल से उसकी हिरासत लेकर गुरुवार को उसे गुजरात लाया है। मामले की जांच तब शुरू हुई जब शहर के एक कारोबारी ने अक्टूबर में साइबर क्राइम सेल से संपर्क कर दावा किया कि कुछ लोगों ने खुद को सीमा शुल्क और पुलिस अधिकारी बताकर उसे डिजिटल अरेस्ट किया और 17 लाख रुपये की उगाही की थी।जालसाजों ने पीड़ित को बताया कि उसके नाम का पार्सल, जिसमें फर्जी पासपोर्ट, एटीएम कार्ड और ड्रग्स थीं, सीमा शुल्क विभाग ने जब्त कर लिया है। जिस खाते में पीड़ित ने 17 लाख रुपये ट्रांसफर किए वह महफुलआलम शाह का था।

## बंगाल की जेलों में बैठकर नेटवर्क फैला रहे आतंकी, खुफिया विभाग अलर्ट

**कोलकाता।** पुलिस को राज्य की जेलों में बंद आतंकियों के साथ हाल में गिरफ्तार अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के आतंकियों के नियमित बातचीत के सबूत मिले हैं। असम व बंगाल पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में एबीटी के 12 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी जेल से ही संगठन को बढ़ाने के तरीके के बारे में निर्देश दे रहे थे। पुलिस के खुफिया विभाग ने जेल में बंद आतंकियों पर निगरानी कड़ी कर दी है। बता दें कि जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) समेत कई अन्य आतंकी राज्य की जेलों में बंद हैं। खुफिया सूत्रों का दावा है कि पिछले दिनों असम में गिरफ्तार किए गए एबीटी के आतंकी नूर इस्लाम मंडल, अब्बास अली व मिनारुल शेख की मोबाइल फोन पर बातचीत से पता चला है कि वे कैसे जेल में बंद आतंकियों के संपर्क में रहते थे।

# बदल रहे यूनुस सरकार के सुर! 95 भारतीय मछुआरों को रिहा करने का आदेश जारी, स्वदेश भेजने की प्रक्रिया शुरू

**ढाका, 03 जनवरी [एजेंसी]।**



बांग्लादेश में बंद 95 भारतीय मछुआरों और भारत में बंद 90 बांग्लादेशी मछुआरों को स्वदेश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह घोषणा की। मंत्रालय के बयान के अनुसार, बागेरहाट और पटुआखली की जेलों में बंद रहे सभी 95 मछुआरों और चालक दल के सदस्यों को गुरुवार को रिहा कर दिया गया। इनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया पांच जनवरी तक पूरी होने की संभावना है। इसके बाद बांग्लादेश तटरक्षक बल इन्हें भारतीय तटरक्षक बल को सौंपेंगे तो उनसे बांग्लादेशी मछुआरे और चालक दल के सदस्य मिलेंगे। मछली पकड़ने के दो बांग्लादेशी जहाज और छह भारतीय नौका भी एक-दूसरे को सौंपे जाएंगे। बांग्लादेशी अधिकारियों ने गत अक्टूबर और नवंबर के दौरान कुल 95 भारतीय मछुआरों और उनकी छह नौकाओं को पकड़ा था।

जबकि भारतीय अधिकारियों ने मछली पकड़ने के दो जहाजों पर सवार 78 बांग्लादेशी मछुआरों को नौ दिसंबर को पकड़ा था।12 बांग्लादेशी मछुआरों को 12 सितंबर को पकड़ा गया था। भारत में शरण लेकर रह रही बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर वहां की अंतरिम सराकर लगातार एक्शन में है। इसी को लेकर बांग्लादेश लगातार भारत से इस पर चर्चा कर रहा। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने बुधवार को कहा कि शेख हसीना का प्रत्यर्पण भारत के साथ कई मुद्दों में से एक है, जिसके साथ ही भारत के साथ संबंधों को और बेहतर बनाया जाएगा।

तौहीद ने कहा कि बांग्लादेश आगे बढ़ने पर काम कर रहा है, लेकिन अमेरिका, भारत और चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध अंतरिम सरकार की प्राथमिकताएं हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए हुसैन ने कहा कि हसीना का प्रत्यर्पण एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन हमारे पास दूसरी चीजें भी हैं। मंत्री ने आगे कहा कि हम हसीना के प्रत्यर्पण के साथ ही दूसरे मुद्दों पर काम करेंगे। हुसैन ने कहा कि दिल्ली से हसीना को वापस लाकर ही भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयास एक साथ चलेंगे। 77 वर्षीय शेख हसीना 5 अगस्त से भारत में रह रही हैं, जब वे छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद देश छोड़कर भाग गई थीं, जिसने उनकी 16 साल की सरकार को गिरा दिया था।

# प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे जंगलों, जलप्रपातों और ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है पचमढ़ी

पचमढ़ी का इतिहास बहुत पुराना है और यह स्थान आदिवासी जनजातियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। इसके बारे में यह कहा जाता है कि यह स्थल ब्रिटिशकाल में एक लोकप्रिय हिल स्टेशन बन गया था, जब ब्रिटिश सैनिकों को गर्मियों के मौसम में ठंडक की आवश्यकता महसूस हुई।

पचमढ़ी, मध्यप्रदेश राज्य का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे जंगलों, जलप्रपातों और ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल राज्य का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और यह पर्यटकों को शांति, ठंडक और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। पचमढ़ी को मध्यप्रदेश की शिमला भी कहा जाता है। यह स्थान आदिवासी संस्कृति, इतिहास, और अद्वितीय प्राकृतिक वातावरण का संगम है।



### पचमढ़ी का इतिहास

पचमढ़ी का इतिहास बहुत पुराना है और यह स्थान आदिवासी जनजातियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। इसके बारे में यह कहा जाता है कि यह स्थल ब्रिटिशकाल में एक लोकप्रिय हिल स्टेशन बन गया था, जब ब्रिटिश सैनिकों को गर्मियों के मौसम में ठंडक की आवश्यकता महसूस हुई। पचमढ़ी का नाम संस्कृत के शब्द %पंच% (पाँच) और %मढ़ी% (गुफाएँ) से आया है, क्योंकि यहाँ पाँच प्रमुख गुफाएँ हैं जो पर्यटन स्थल के रूप में आकर्षण का केंद्र हैं।

### पचमढ़ी के प्रमुख आकर्षण

धूपगढ़- यह पचमढ़ी का सबसे ऊँचा बिंदु है, जो समुद्रतल से 1,450 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य बहुत ही शानदार होता है। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श है।

केवलाराय मंदिर- यह प्राचीन मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और यहाँ से पचमढ़ी के अद्भुत दृश्य देखे जा सकते हैं। मंदिर तक पहुँचने के लिए एक छोटे से ट्रैकिंग रास्ते का अनुसरण करना पड़ता है।

पचमढ़ी झील- यह झील एक शांतिपूर्ण स्थल है जहाँ पर्यटक बोटिंग का आनंद ले सकते हैं। झील के आस-पास का वातावरण बहुत ही सुरम्य है और यह परिवारों के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल है।

राजा रानी गुफाएँ- ये गुफाएँ प्राचीन समय की बनी हुई हैं और इनका इतिहास बहुत दिलचस्प है। ये गुफाएँ मुख्य रूप से भगवान शिव और पार्वती से जुड़ी हुई हैं।

बी फॉल- यह जलप्रपात पचमढ़ी का सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत जलप्रपात है। यहाँ का वातावरण शांति और ठंडक से भरा हुआ है। इस जलप्रपात के पास ट्रैकिंग करना और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना पर्यटकों के बीच बहुत प्रिय है।

शिवालय गुफाएँ- ये गुफाएँ पचमढ़ी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल हैं। यह गुफाएँ भगवान शिव के मंदिरों से जुड़ी हुई हैं और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को आकर्षित करती है।

### पचमढ़ी का मौसम

पचमढ़ी का मौसम अधिकांश समय सुहावना रहता है। गर्मी के दिनों में यहाँ का तापमान बहुत अधिक नहीं बढ़ता और यह स्थल एक आदर्श हिल स्टेशन के रूप में उभरता है। सर्दियों में यहाँ का तापमान गिरकर ठंडा हो जाता है, जो ट्रैकिंग और अन्य बाहरी गतिविधियों के लिए आदर्श है। बारिश के मौसम में यहाँ की हरियाली और जलप्रपात अधिक आकर्षक लगते हैं।

### पचमढ़ी में एडवेंचर गतिविधियाँ

पचमढ़ी केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, बल्कि साहसिक खेलों का भी बेहतरीन स्थल है। यहाँ ट्रैकिंग, हाइकिंग, और रॉक क्लाइम्बिंग जैसी गतिविधियाँ पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। विशेषकर धूपगढ़ और बी फॉल के आसपास ट्रैकिंग करने का आनंद अलग ही होता है। इसके अलावा, बोटिंग और कैम्पिंग के भी कई विकल्प हैं।

### पचमढ़ी कैसे पहुंचें

पचमढ़ी मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित है और यहाँ पहुँचने के लिए कई तरीके हैं-

वायु मार्ग- पचमढ़ी का नजदीकी हवाई अड्डा भोपाल में स्थित है, जो लगभग 200 किलोमीटर दूर है। यहाँ से टैक्सी या बस द्वारा पचमढ़ी तक पहुँचा जा सकता है।

रेल मार्ग- होशंगाबाद रेलवे स्टेशन पचमढ़ी के सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन हैं। यहां से टैक्सी या बस द्वारा पचमढ़ी पहुँच सकते हैं।

सड़क मार्ग- पचमढ़ी सड़क मार्ग से प्रमुख शहरों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। बस और निजी वाहनों के द्वारा आसानी से पचमढ़ी पहुँचा जा सकता है।

पचमढ़ी एक ऐसा स्थल है जो प्रकृति प्रेमियों, साहसिक खेलों के शौकिनों, और सांस्कृतिक अनुभव की तलाश करने वालों के लिए आदर्श है। यहाँ का शांतिपूर्ण वातावरण, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल, और प्राकृतिक सुंदरता इसे एक बेहतरीन पर्यटन स्थल बनाती है।

यदि आप मध्यप्रदेश में एक अद्वितीय हिल स्टेशन की तलाश में हैं, तो पचमढ़ी आपके लिए एक आदर्श विकल्प हो सकता है।



# सर्दियों में कपड़े सुखाने में हो रही है परेशानी? इन तरीकों को आजमाएं



सर्दियों में कपड़े सुखाना एक बड़ी चुनौती बन जाता है, खासकर जब धूप कम होती है।इस मौसम में नमी और ठंड के कारण कपड़े जल्दी नहीं सूखते हैं, जिससे बदबू और फंगस की समस्या हो सकती है।हालांकि, चिंता न करें क्योंकि कुछ आसान उपायों से आप बिना धूप के भी अपने कपड़ों को जल्दी और सही तरीके से सुखा सकते हैं।ये टिप्स हर किसी के लिए उपयोगी हैं, चाहे आप घर पर हों या बाहर।

हीटर का इस्तेमाल करें-हीटर का उपयोग करके आप अपने कमरे का तापमान बढ़ा सकते हैं, जिससे आपके गीले कपड़े जल्दी सूख जाएंगे। हीटर को सुरक्षित दूरी पर रखें ताकि कोई दुर्घटना न हो।इसके साथ ही कमरे की खिड़कियां थोड़ी खुली रखें ताकि हवा का प्रवाह बना रहे और नमी बाहर निकल सके।ध्यान दें कि हीटर का इस्तेमाल करते समय बिजली की खपत बढ़ सकती है इसलिए इसे जरूरत अनुसार ही चलाएं।

टॉवल रोलिंग तकनीक अपनाएं

गीले कपड़ों को जल्दी सुखाने के लिए टॉवल रोलिंग तकनीक एक बहुत उपयोगी तरीका है।इसके लिए आपको एक बड़ा सूखा तौलिया लेना होगा और उसमें गीला कपड़ा अच्छी तरह से लपेटना होगा, फिर इसे कसकर रोल करें ताकि तौलिया अतिरिक्त पानी को सोख लें।इस प्रक्रिया से आपके कपड़ों की नमी काफी हद तक कम हो जाएगी, जिससे वे जल्दी सूख जाएंगे।यह तरीका खासतौर पर तब काम आता है जब धूप नहीं होती।ड्रायर रैक का इस्तेमाल करें-ड्रायर रैक एक शानदार विकल्प है जब आपको बिना धूप के कपड़े सुखाने होते हैं।इसे घर के अंदर किसी हवादार जगह पर रखें, जहां हवा का प्रवाह अच्छा हो। ड्रायर रैक पर अलग-अलग स्तर होते हैं, जिन पर आप अपने सभी प्रकार के छोटे-बड़े कपड़े फैला सकते हैं।इससे कपड़े समान रूप से सूखते हैं और नमी जल्दी खत्म होती है। यह तरीका खासतौर पर तब उपयोगी होता है जब बाहर मौसम खराब हो और धूप न मिले।

पंखे की मदद लें- पंखे की मदद से आप अपने गीले कपड़ों को जल्दी सुखा सकते हैं।इसके लिए पंखे को तेज गति पर चलाएं और उसके सामने या नीचे अपने गीले कपड़े फैलाएं।इससे हवा सीधे कपड़ों पर लगेगी और वे जल्दी सूख जाएंगे। यह तरीका तब बहुत काम आता है जब आपके पास समय कम हो और धूप का इंतजार नहीं कर सकते।ध्यान रखें कि कपड़े फैलाते समय उन्हें अच्छी तरह से फैला लें।डीह्यूमिडिफायर का प्रयोग करें- डीह्यूमिडिफायर एक ऐसा उपकरण है, जो कमरे की नमी को कम करता है, जिससे आपके गीले कपड़े तेजी से सूख जाते हैं।इसे उस कमरे में लगाएं जहां आपने अपने कपड़े फैलाए हों ताकि वह वहां की अतिरिक्त नमी सोखे और वातावरण को शुष्क बनाए रखे।इन सरल उपायों को अपनाकर सर्दियों में भी आप आसानी से बिना धूप के अपने कपड़ों को सही तरीके से सुखा सकते हैं।

## ऑफ शोल्डर ड्रेस में साउथ की हसीना मालविका मोहनन ने ढाया कहर



साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन आए दिन अपने ग्लैमरस और बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें उनका गॉर्जियस लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। तमिल सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस मालविका मोहनन अपने शानदार और ग्लैमरस लुक्स के लिए जानी जाती हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस को फिल्म युध्रा में देखा गया था। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने अहम किरदार निभाया था। दर्शकों ने इस मूवी में उनकी एक्टिंग को भी काफी पसंद किया था।मालविका मोहनन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।



## शरीर को कई लाभ प्रदान कर सकती है जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज

जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज आपके कोर को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है।यह न केवल पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि शरीर के संतुलन और स्थिरता में भी सुधार लाती है।इस एक्सरसाइज से हृदय गति बढ़ती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है। यह सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है।इस लेख में हम जंपिंग प्लैंक के फायदे, सावधानियां और कुछ वैकल्पिक अभ्यासों पर चर्चा करेंगे।

### जंपिंग प्लैंक कैसे करें?

सबसे पहले सामान्य प्लैंक पोजीशन में आएं, फिर अपने हाथों और पैरों को सीधा रखते हुए शरीर को एक सीधी रेखा में रखें।अब अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा बाहर की ओर कूदें और फिर वापस अंदर लाएं।यह प्रक्रिया लगातार करते रहें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हुआ हो।शुरुआत में इसे 30 सेकंड तक करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

### जंपिंग प्लैंक के फायदे

जंपिंग प्लैंक आपके शरीर के कई हिस्सों पर काम करता है, खासकर पेट, कंधे और पैर की मांसपेशियों पर।यह एक्सरसाइज हृदय गति को बढ़ाती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है और वजन घटाने में मदद मिलती है।इसके अलावा यह आपकी सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है।नियमित रूप से करने पर यह आपकी मुद्रा सुधारने और रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में भी सहायक होती है।

### जंपिंग प्लैंक करते समय बरतें ये सावधानियां

जंपिंग प्लैंक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि चोट लगने से बचा जा सके।सबसे पहले सही फॉर्म का पालन करें। एक्सरसाइज करते समय पीठ सीधी होनी चाहिए और गर्दन आरामदायक स्थिति में होनी चाहिए।अगर आपको किसी प्रकार की पीठ या घुटनों की समस्या हो तो इस एक्सरसाइज से बचें या किसी विशेषज्ञ से सलाह लें।हमेशा अच्छी क्वालिटी वाले मैट का उपयोग करें ताकि फिसलने का खतरा कम हो।

### जंपिंग प्लैंक के साथ अन्य विकल्प आजमाएं

अगर आप जंपिंग प्लैंक के साथ कुछ विविधता चाहते हैं तो आप साइड टू साइड जंप्स या हाई नीज जैसे अन्य कार्डियो एक्सरसाइज जोड़ सकते हैं, जो समान रूप से प्रभावी होते हैं।इसके अलावा आप बर्पी या माउंटेन क्लाइंबर्स जैसे उच्च तीव्रता वाले एक्सरसाइज भी शामिल कर सकते हैं, जो आपके फिटनेस स्तर को चुनौती देंगे और अधिक कैलोरी बर्न करेंगे। इन सभी विकल्पों के साथ संयोजन करके आप अपनी दिनचर्या को रोचक बना सकते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर वरुण धवन की बेबी जॉन की हालत खराब

वरुण धवन की नई फिल्म एक्शन फिल्म बेबी जॉन दर्शकों का दिल जीतने में नाकाम साबित हो रही है. यह बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2, मुफासा, मैक्स, मार्को, वनवास जैसी नई फिल्मों की रिलीज से टकरा रही है. तमाम कॉम्पिटिशन के बाद भी 160 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने 20 प्रतिशत वसूल लिए है. रिलीज के सातवें दिन, वरुण धवन -स्टारर ने अपने कलेक्शन में मामूली वृद्धि देखी. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने भारत में लगभग 2.15 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म ने ओपनिंग डे पर 11.25 करोड़ रुपये कमाए, इसके बाद से फिल्म 5 करोड़ रुपये का भी आंकड़ा नहीं पार कर पाई है.

## 2024 के बाद सीरत कपूर एक केंद्रित 2025 के लिए पूरी तरह तैयार हैं



जैसे ही नया साल शुरू हुआ, अभिनेत्री सीरत कपूर ने पिछले साल पर विचार करते हुए अपनी आगामी योजनाओं को साझा किया। अपनी प्रतिभा, दृढ़ता और गरिमा के लिए जानी जाने वाली सीरत ने 2024 में मिले अनुभवों और अवसरों के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। हालांकि, वह अपनी उपलब्धियों पर रुकने वाली नहीं हैं।

बहुमुखी अभिनेत्री ने 2025 को और भी प्रभावशाली बनाने के लिए समग्र विकास—शारीरिक और मानसिक दोनों—पर ध्यान केंद्रित करने का निश्चय किया है। उन्होंने अपने प्रशंसकों को अपनी प्रेरणा और समर्थन का सबसे बड़ा स्रोत माना है। 2025 की अपनी दृष्टि पर बोलते हुए, सीरत कहती हैं, 2025 मेरे लिए और भी प्रेरणादायक और फलदायी होगा।

## शब्द सामर्थ्य -285

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्बात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | | 3 | | |
| | | | | 4 | 5 | | | |
| 6 | 7 | | 8 | | | | | 9 |
| | 10 | | | | 11 | 12 | 13 | |
| | 14 | | | 15 | | | | |
| 16 | | | | | | | | |
| 17 | | | 18 | | | 19 | | |
| | | | | | 20 | | | 21 |
| 22 | | | | | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 284 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को मिली सराहना

## कलेक्टर ने की हौसला-अफजाई और दी प्रशस्ति पत्र




**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित एक सम्मान समारोह में कोरिया जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कर्मियों एवं स्वास्थ्य केंद्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य, केंद्र पटना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरई गहना, शिवपुर, सल्का, खरवत और सागरपुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कायाकल्प योजना के अंतर्गत इन स्वास्थ्य केंद्रों ने स्वच्छता, सेवा की गुणवत्ता और मरीजों की देखभाल में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस उपलब्धि से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आम जनमानस का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। कलेक्टर ने इन कर्मियों के हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बेहतर कार्यों का हरदम बेहतर परिणाम मिलता है, इसलिए पूरे मनोयोग के साथ कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री अशरफ अंसारी ने कायाकल्प योजना के तहत इन स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

उन्होंने इन फैसिलिटीज को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने की अपील की।



# डीएम ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

### जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पीएचई विभाग को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में लगे हैंडपंपों का परीक्षण और मरम्मत कार्य तुरंत पूरा करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग को बच्चों के जाति-निवास प्रमाण पत्र जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। सांख्यिकी विभाग को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने को कहा गया। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने साफ-सफाई को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों को नियमित सफाई अभियान चलाने, प्लास्टिक कचरे के



उचित निपटान और बायो मेडिकल वेस्ट को चिन्हित स्थान पर डालने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। धान खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उन्होंने विपणन अधिकारियों और राइस मिलर्स को धान उठाव में तेजी लाने का निर्देश दिया। अवैध धान परिवहन और भंडारण पर सख्त कार्रवाई के लिए नोडल अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को लंबित दिव्यांग प्रमाण पत्र शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही समाज कल्याण विभाग को शिविर लगाकर दिव्यांगों को प्रमाण पत्र प्रदान करने को कहा गया। पीएमश्री सूर्य योजना के प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने के लिए विद्युत विभाग को सक्रिय प्रयास करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया। राजस्व विभाग को बंटवारा, नामांतरण और फौती जैसे प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। जनदर्शन, पीजी पोर्टल और जन समस्या निवारण शिविरों में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के विकास के लिए सभी विभाग समन्वय से काम करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय चुनाव: संशोधित कार्यक्रम जारी, 15 को होगा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नए कार्यक्रम के अनुसार, निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन और दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया 31 दिसंबर 2024 से शुरू हो गई है। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 06 जनवरी 2025, सोमवार निर्धारित की गई है। दावे/आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया 09 जनवरी 2025, शुक्रवार तक पूरी की जाएगी। इसके बाद प्रारूप क-1 में दावे दर्ज करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 और इनके निराकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली सुधार की प्रक्रिया के तहत सॉफ्टवेयर में नामों का संशोधन, परिवर्धन और विलोपन 14 जनवरी 2025 तक पूरे किए जाएंगे। चेकलिस्ट की जांच, पीडीएफ निर्माण, अनुपूरक सूची का मुद्रण और उसे मूल सूची के साथ संलग्न करना भी इसी अवधि में पूरा होगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025, बुधवार को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने नामों की जांच करें और आवश्यक संशोधन, परिवर्धन या विलोपन के लिए आवेदन करें।

## जिला प्रशासन ने धान खरीदी केंद्रों में निरन्तर कर रहा निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में एसडीएम प्रतापपुर सहित राजस्व विभाग के टीम द्वारा धान खरीदी केंद्र धवन कार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान समिति में पाए गए धान का का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें कुल 16 स्टेक में 84228 बोरी (लगभग 33691.20 क्विंटल ) धान पाया गया जोकि ऑनलाइन प्रदर्शित धान की मात्रा से 2032.40 क्विंटल कमी पाया गया। इस दौरान बारदाना का सत्यापन भी किया गया जिसमें बारदाना की मात्रा ऑनलाइन बचत प्रदर्शित से 5100 नग अधिक पाया गया। इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन जिला खाद्य अधिकारी सूरजपुर को भेजा गया है।इसके अलावा भैयाथान एसडीएम द्वारा धान उपार्जन केंद्र बतरा का निरीक्षण किया गया। राजस्व विभाग की अन्य टीम द्वारा धान खरीदी केंद्र सोनगरा का निरीक्षण भी किया गया।

## निर्वाचक नामावली में त्रुटि सुधार के लिए 6 तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

**सूरजपुर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 01 अक्टूबर 2024 की स्थिति में तैयार की गई निर्वाचक नामावली का नगरपालिका परिषद् सूरजपुर के सभी 18 वार्डों एवं नगर पंचायत विश्रामपुर, भटगांव, जरही व प्रतापपुर के सभी 15-15 वार्डों के मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर 06 जनवरी 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार दावा, आपत्तियां प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ है। नगरपालिका परिषद् सूरजपुर एवं नगर पंचायत विश्रामपुर, भटगांव, जरही व प्रतापपुर के सभी गणमान्य नागरिकों, आम जनता, मतदाताओं से आग्रह है कि वे अपने-अपने वार्ड के मतदान केन्द्रों, नगरीय निकायों, संबंधित तहसील कार्यालयों एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालयों में उपलब्ध मतदाता सूची का भली भांति अवलोकन, वाचन कर यह सुनिश्चित कर ले कि उनके एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम जो वोट देने के लिए पात्र हैं, मतदाता सूची में अंकित है एवं संबंधित वार्ड में ही है और सही है, यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि हो तो उसके सुधार हेतु तत्काल अपने मतदान केन्द्र में उपलब्ध प्राधिकृत कर्मचारी के समक्ष समुचित कार्यवाही करें। संबंधित वार्ड के मतदान केन्द्र में उपलब्ध मतदाता सूची में परिवर्धन, संशोधन, विलोपन (नाम जोड़ना, नाम सुधारना, नाम काटना) का कार्य किया जा रहा है। संबंधित मतदान केन्द्र में नाम जोड़ने व नाम काटने एवं नाम में हुई त्रुटि का सुधार करने का कार्य दिनांक 06 जनवरी (सोमवार) अपरान्ह 03:00 बजे तक एवं नये मतदाता का नाम जोड़ने का कार्य 10 जनवरी 2025 (शुक्रवार) तक किया जायेगा। निर्वाचक नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बने इसके लिए आप सभी का सहभागी होना आवश्यक है, साथ ही अपने परिवार, मित्र एवं आस पड़ोस के लोगों को भी इस कार्य हेतु जानकारी देकर, निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) में नाम जोड़वाने हेतु प्रेरित कर जागरूक मतदाता होने का परिचय दें।

## अवैध धान संग्रहण पर लगातार कार्यवाही जारी

**सूरजपुर।** जिले में कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में निरन्तर अवैध धान को लेकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज तहसीलदार लटोरी के नेतृत्व में खाद्य, राजस्व एवं सूरजपुर मंडी के संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम कल्याणपुर के मनोहर जायसवाल के पास अवैध रूप से संग्रहित 214 बोरे धान वजन 86 क्विंटल अनुमानित, श्रीमती प्रीति जायसवाल पति दिनेश जायसवाल के पास 250 बोरे वजन 100 क्विंटल लगभग जब्त किया गया है। ग्राम कल्याणपुर में गुलजारी जायसवाल के मकान में धान का अवैध भंडारण की आशंका पर मकान को सील किया गया। इसी क्रम में लटोरी के मीना सोनी पति प्रमोद सोनी के दुकान से भी 110 बोरे वजन 44 क्विंटल धान जब्त किया गया।



## जन्मदिन पर स्वच्छता दीदीयो को सम्मानित किया पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने

**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा के अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने नव वर्ष व 1 जनवरी अपने जन्मदिन के अवसर पर पालिका क्षेत्र में कार्यरत समस्त स्वच्छता दीदीयो एवं सफाई कर्मियों को साल भेंट कर सम्मानित किया व मिठाइयां खिलाई उनकी इस अभिनव पहला की सभी ने सराहना की 1 जनवरी को अध्यक्ष अरुण जायसवाल का जन्मदिन भी है साथ ही नया वर्ष का अवसर रहता है इस प्रकार दोहरी खुशी के अवसर पर जश्न मनाने के विपरीत पालिका के कर्मचारियों का सम्मान करना उनकी बेहतर सोच का परिचायक है विदित हो कि पालिका अध्यक्ष बनने के पूर्व भी अरुण जायसवाल निरंतर सामाजिक कार्यों में लगे रहते थे कोरोना कॉल के समय जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना, आर्थिक सहयोग प्रदान करना, होली के अवसर पर गरीब बच्चों को रंग गुलाल व मिठाइयां भेंट करना ,वही दिवाली के अवसर पर भी बच्चों के बीच जाकर उन्हें उपहार स्वरूप पटाखे और मिठाइयां देना , सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहयोग करना विगत कई वर्षों से निरंतर जारी है जन्मदिन के अवसर पर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा की यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मुझे जनता का सेवा करने का अवसर मिला है मैं क्षेत्र वासियों की सुविधाओं में विस्तार और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु पूर्णता प्रतिबद्ध हूं निकट भविष्य में पालिका को नया स्वरूप देना है इस हेतु आप सभी से सहयोग अपेक्षित है समान सौरव के दौरान सम्मान समारोह के दौरान अभिमन्यु मुदली पूर्व मंडल अध्यक्ष,महेश यादव क्षेत्रीय अध्यक्ष एटक यूनियन, भानु प्रताप सिंह, पार्षद कुंडल सय ,अंचल राजवाड़े आदि उपस्थित थे।

## ग्राम चेर में बनेगा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कलेक्टर ने प्रदान किया भूमि आबंटन प्रमाण पत्र



**कोरिया।** जिले में पुलिस प्रशासन को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमि आवंटन प्रमाण पत्र डीएसपी श्री श्याम मधुरकर को सौंपा। नया पुलिस अधीक्षक कार्यालय बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चेर में बनाया जाएगा। इसके लिए सामुदायिक वन अधिकार पट्टा के तहत खसरा नंबर 276/1 में से 0.810 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। जिले में एक आधुनिक और सुव्यवस्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिला प्रशासन ने इस मांग को प्राथमिकता देते हुए जमीन चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी की और आज इसे अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि नए कार्यालय से पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ेगी और आम जनता को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। अब जल्द ही कार्यालय निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। ग्राम चेर में नए एसपी कार्यालय की स्थापना से जिले में पुलिस प्रशासन और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। डीएसपी श्री मधुरकर ने इस कदम के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया और इसे जिले के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री अरुण मरकाम, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम एवं आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीमती उषा लकड़ा उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन एवं क्रेडा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन एवं क्रेडा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए हर घर जल सर्टिफिकेशन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ईई जलसंसाधन और क्रेड़ा विभाग के अधिकारी सहित विभाग के अभियंता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दौरान टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तारीकरण, सोलर पंप स्थापना और बोरिंग की जानकारी लेते हुए मिशन के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मिशन की सफलता के लिए क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की । इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समस्या का त्वरित निपटान के निर्देश दिए। इस दौरान ईई जलसंसाधन से पानी के विभिन्न स्त्रोतों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जलजीवन मिशन के लिए जल आपूर्ति के लिए पानी की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। उन्होंने जल की उपलब्धता बेहतर करने के लिए आवश्यकतानुसार एनिकट निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा जलजीवन मिशन अंतर्गत गांवों में क्रेड़ा विभाग से सौर ऊर्जा आधारित जलापूर्ति अवसंरचना निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## दावा आपत्ति 6 तक

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जिला सूरजपुर के सभी जनपद पंचायत क्रमशः सूरजपुर, रामानुजनगर, प्रेमनगर, ओड़गी, भैयाथान एवं प्रतापपुर की ग्रामपंचायतों के वार्डवार निर्वाचक नामावली तैयार है एवं आम लोगों के नि:शुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। प्रत्येक ग्राम पंचायत की निर्वाचक नामावली 01 अक्टूबर, 2024 के आधार पर तैयार की गई है। कोई भी व्यक्ति जो तारीख 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में, किसी ग्राम के निर्वाचक नामावली में किसी का नाम को सम्मिलित किए जाने या किसी प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए दावा करना चाहे या किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में आपत्ति करना चाहे, वह इस संबंध में अपना दावा, आपत्ति निर्धारित प्रारूप (फार्म) में 31 दिसंबर 2024 से 06 जनवरी 2025 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय का ध्यान रखें: कलेक्टर

**सूरजपुर।** कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन ने सर्व निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने स्वीकृति, प्रगतिरत व अप्रारंभ कार्यों को विस्तार से समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में स्कूल जतन योजना के कार्यो की समीक्षा भी की गई जिसमें उन्होने स्कूल जतन योजना के तहत विभिन्न मदों में स्वीकृत कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधितो को दिए। लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क, हाउसिंग बोर्ड, आरईएस, सीजीएमएससी व सेतु विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि अधिकारी अपने विभागों के कार्यों का मूल्यांकन करें और निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग व निर्माण कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करें। गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री का उपयोग करें। किसी भी दशा में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्बाध बिजली व्यवस्था हेतु, नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को दिये।

## पर्यटन स्थल पवई फाल में गिरे युवक का शव 24 घंटे बाद निकाला जा सका

**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल पवई फाल में नए वर्ष के पहले दिन पिकनिक मनाने गया कक्षा नवमी पढ़ने वाला छात्र के पैर फिसलने से 100 फीट ऊंचाई से नीचे गहरे पानी में गिर गया। जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई थी इसके बाद से ही छात्र के शव को ढूंढने के लिए एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची थी देर शाम तक शव नहीं मिलने के बाद आज अंबिकापुर से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी जिसके द्वारा 3 बजे के करीब चट्टान में फसे छात्र के शव को बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलरामपुर विकासखंड के ग्राम पथरी चंपानगर निवासी दिलीप यादव अपने दोस्तों के साथ सुबह 8:30 बजे घर से पवई फाल के निकला था। पवई फल के ऊपर वह खाना बना रहे थे एवं नहा रहे थे इसी बीच पैर फिसलने से दोपहर 12:30 बजे के करीब 100 फीट नीचे वह गहरे पानी में गिर गया। जिसकी तत्काल जानकारी मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों को दी गई एवं एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची परंतु शव का पता नहीं चल सका था। आज अंबिकापुर से पहचे एसडीआरएफ की टीम के द्वारा दोपहर 3:00 के करीब शव को निकाला जा सका। झरने के लगातार गिरने से हो रही थी शव ढूंढने में परेशानी 100 फीट ऊंचाई से लगातार झरने से पानी गिरने के कारण नीचे काफी गहराई हो गया है ।जिस कारण से काफी परेशानी हो रही थी। कल गोताखोरों की टीम के द्वारा काफी मशक्कत के बाद भी शव को नहीं ढूंढा नही जा सका। दोपहर 3 बजे 100 को ढूंढा जा सका।

## सूरजपुर पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान ड्रंक एंड ड्राईव पर होगी सख्त कार्यवाही



**सूरजपुर।** जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर गुरूवार, 2 जनवरी 2025 को जिले के थाना-चौकी व यातायात पुलिस के द्वारा अपने क्षेत्र के प्रमुख स्थानों, चौक-चौराहों व फिक्स प्वाइंट कुल 21 स्थानों पर वाहन चेकिंग की जा रही है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के द्वारा ड्रंक एंड ड्राईव, बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन में तीन सवारी एवं चार पहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट लगाने वालों की चेकिंग किया जा रहा है और यातायात नियमों के उल्लघन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश भी दी जा रही है। सूरजपुर पुलिस का यह चेकिंग अभियान नियमित तौर पर जारी रहेगा।

# न्यायालय ने आरोपी को सुनाई दोहरी आजीवन कारावास की सजा

**सूरजपुर।** जिला सत्र न्यायालय सूरजपुर के न्यायालय, आनंद प्रकाश वारियाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटी.एस.सी.) सूरजपुर ने एक जघन्य अपराध के मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी, अभियुक्त को दोहरी आजीवन कारावाश की सजा सुनाई। मामले में आरोपी द्वारा रात्रिकाल का लाभ उठाते हुए नाबालिक पीड़िता, मृतिका को बहला-फुसला कर उसके साथ जबरन बलात्कार किया, घटना की जानकारी नाबालिक पीडिता, मृतिका के परिवार एवं गांव वालों को पता न चल जाये इसके डर से साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से पीडिता को गावं से थोडी दूर लें जाकर खेत में बने कुएँ में फेक कर उसकी हत्या कारित की। मामला 2 वर्ष पूर्व घटित घटना का है जिसमें आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-4 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना उपरांत भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 (घ), 302, 201, 34 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा-6 का आरोप संकलित कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष मामला प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई के दौरान प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेश कुमार कौशिक के द्वारा किया गया। आरोपी के विरुद्ध आरोपित धारा 363/34, 366/34, 376घ/34, 302/34, 201/34 भा.द.सं. एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-6 के तहत दोषसिद्ध पाये जाने पर माननीय न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की दोहरी सजा सुनाई। यहां यह बताना आवश्यक है कि गोविन्द नारायण जांगड़े, जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्राय: आमजन के विधिक ज्ञान हेतु साक्षरता शिविरों का आयोजन स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्थानों पर किया आयोजित किया जाता है जिसमें यह बताया जाता है कि 18 वर्ष से कम उम्र की नाबालिग के साथ संबंध स्थापित या छेड़छाड़ करना उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध की श्रेणी में आता है भले ही वह उसकी पत्नी हो। कानून में 18 वर्ष लडकी के लिए एवं 21 वर्ष लडके की शादी के लिये निर्धारित है फिर भी लोग छुप छुपाकर शादी करता है 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की से शादी करना या उस शादी में शामिल होना जिसमें नाबालिग की शादी हो रही हो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है।

## सब इंस्पेक्टर संवर्ग की परीक्षा में दूरस्थ गांव के युवक ने पूरे छत्तीसगढ़ में लाया 10वां स्थान

**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज रामचंद्रपुर विकासखंड के दुरुस्त गांव झारा के 26 वर्षीय युवक सत्यम सिंह ने सब इंस्पेक्टर संवर्ग की परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में दसवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। नन्ही उम्र में पिता का साया उठ जाने के बाद कठिन परिस्थिति में मां के सतत मार्गदर्शन में बड़ी सफलता अर्जित की। ग्राम झारा के सत्यम सिंह सर से पिता का साया नन्ही उम्र में सन 2003 में ही उठ गया था। जिसके बाद ग्राम से सेमरवा में पदस्थ मां प्रधानपाठीका का उर्मिला सिंह ने अपने पुत्र को कठिन परिस्थिति में पालन पोषण किया सत्यम की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की पढ़ाई गांव की ही स्कूल में मां के मार्गदर्शन में हुई। सत्यम ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 74त्न अंक लाया था वही कक्षा 12वीं की परीक्षा में 79त्न अंक लाकर उतीर्ण हुए थे। इसके बाद स्नातक की पढ़ाई अंबिकापुर के निजी विद्यालय में किया। विद्यालय के सेमिनार में जब पीएससी परीक्षा की जानकारी मिली तो पीएससी की तैयारी करने सन 2019 में बिलासपुर गय। परंतु इस दौरान कोरोना काल के कारण पीएससी की परीक्षा नहीं हो सकी थी। इस बीच सन 2021 में सब इंस्पेक्टर संवर्ग की भर्ती निकली जिसमें सत्यम अपने फार्म भरा। पूरे प्रदेश से सब इंस्पेक्टर संवर्ग में 959 लोगों का चयन हुआ जिसमें सत्यम का दसवां स्थान रहा। सत्यम सूबेदार के पद पर चयनित हुए।

## महाराष्ट्र मंडल के अधिवेशन में होगा डॉ. शेष का सम्मान



**कोरबा।** विश्व भर के महाराष्ट्रियन बंधुओं का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था बृहन महाराष्ट्र मंडल संगठन, दिल्ली डॉ. अजय शेष को जीवन गौरव के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामित किया है। यह सम्मान संगठन की ओर से उन विशिष्ट व्यक्तियों व संस्थानों को दिया जाता है, जिन्होंने मराठी भाषा व महाराष्ट्र राज्य की कीर्ति को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित व संवर्धित किया है। डॉ. शेष को यह सम्मान 11 जनवरी को रायपुर में आयोजित महाराष्ट्र मंडल के वार्षिक अधिवेशन में दिया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस उपस्थित रहेंगे। डॉ. शेष को यह सम्मान पिछले 10 वर्षों में अनेक कीर्तिमानों में से 3 बार गिनीज विश्व रिकार्ड बनाने पर दिया जाएगा।

# पीडिया में हाथियों की एंट्री : रतजगा कर ग्रामीणों ने की फसल की सुरक्षा

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में आधा दर्जन से अधिक हाथियों की दस्तक फिर हो गई है। हाथियों के पीडिया गांव में पहुंचने की भनक लगते ही ग्रामीण इकट्ठा हुए और अपनी फसल की सुरक्षा के लिए ट्रैक्टर व अन्य संसाधन लेकर खेतों की ओर निकल पड़े। इस प्रयास में ग्रामीण रतजगा करते रहे और हाथियों को खेतों तक पहुंचने से रोके रखे। हाथियों ने जंगल से निकलकर दो-तीन बार खेतों तक पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों द्वारा शोरगुल मचाने के साथ हाथियों को खदेड़ दिया जिससे वे जंगल जाने को मजबूर हो गए। वहीं घायल हाथी ने करतला रेंज में प्रवेश कर लिया है। इसे आज सुबह रेंज के जोगीपाली गांव के जंगल में देखा गया। कल घायल हाथी का लोकेशन रायगढ़ जिले के छाल रेंज अंतर्गत धसकामुड़ा जंगल में मिला था जिस पर वन अमले ने जाकर निगरानी की थी। बताया जाता है कि



घायल हाथी ने रात में मूव्हमेंट किया और धसकामुड़ा जंगल से निकलकर करतला रेंज की सीमा में आने के साथ जोगीपाली जंगल पहुंचकर विचरण करने लगा। घायल हाथी के पहुंचने से करतला रेंज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की परेशानी फिर बढ़ गई है क्योंकि यह हाथी अकेला विचरण कर रहा है जिसके कारण अमले को विशेष निगरानी करनी पड़ रही है। वही पीडिया क्षेत्र में हाथियों की निगरानी के लिए भी मशक्कत करनी पड़ रही है। खबरों में बताया गया कि पीडिया क्षेत्र में दस्तक देने वाले हाथियों का आगमन छाल रेंज से हुआ है। इससे पहले हाथियों का यह दल पीडिया क्षेत्र में काफी दिनों तक डेरा डालकर ग्रामीणों के फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहा था जिससे ग्रामीण काफी हलाकान थे। सप्ताह भर पहले दल ने छाल रेंज का रूख किया था। वहां के जंगलों में 8 दिनों तक लगातार विचरण करने के बाद फिर वापस लौट आया है। उधर कटघोरा वनमंडल में भी हाथियों की समस्या लगातार बनी हुई है। यहां के केंदई व एतमानगर रेंज में 48 की संख्या में हाथी अलग-अलग झुंडों में विभिन्न स्थानों पर घूम रहे हैं। हाथियों के दल ने फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग काफी सतर्क है। हाथी ड्यूटी में तैनात अधिकारी व कर्मचारी लगातार हाथियों पर निगरानी रखे हुए हैं और उसके उत्पात को रोकने के लिए तत्पर हैं। जैसे ही हाथियों के गांव के निकट अथवा आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने की सूचना मिलती है तत्काल अमला मौके पर पहुंचकर मुनादी कराने के साथ हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही में जुट जाते हैं।

## अय्यप्पा मंदिर में महाभागवत कथा का आयोजन कल से



**कोरबा।** कोरबा अंचल में श्री अय्यप्पा मंदिर सेवा समिति द्वारा 4 से 10 जनवरी तक श्रीमद् महाभागवत कथा का आयोजन किया गया है। श्रीमद् महाभागवत कथा सुभाष ब्लाक एसईसीएल कोरबा स्थित श्री अय्यप्पा (शनिश्वर) मंदिर में होगी।

मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश सीएस ने बताया हैं की भागवत कथा का रसपान स्थानीय भाषी लोग भी कर सकें इस उद्देश्य से मंदिर संचालन समिति द्वारा 19 साल बाद हिंदी भाषी भगवताचार्य को आमंत्रित किया गया है। जो छत्तीसगढ़ी सहित हिंदी भाषा में कथा सुनाएंगे। जिसका आनंद मलयाली समाज के लोगों के साथ स्थानीय लोग भी ले पाएंगे। श्री अय्यप्पा मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश ने आगे बताया कि कथाकार के रूप में जांजगीर-चांपा भागवत कथा वाचक बाल व्यास जगन्नाथ पांडेय होंगे।

## बरेठ समाज की बैठक 6 को

**कोरबा।** जिला बरेठ समाज की बैठक 6 जनवरी को पोड़ीबहार स्थित सामाजिक भवन में आयोजित किया गया है। इस बैठक में जिलाध्यक्ष मिलापराम कर्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष किए गए कार्यों की जानकारी देंगे ओर आने वाले समय के लिए रणीनति तैयार की जाएगी। इकाईयों में भी बैठक के लिए तारीख तय किए जाएंगे। समाज को आगे बढ़ाने प्रदीप सोनसर्वा, सदानंद बरेठ, मोहन कर्ष, चेतन कर्ष, प्रवीण रजक, दिगंबर कर्ष, गिरधारी बरेठ सुझाव देंगे।

## भीम आर्मी की बैठक आज

**कोरबा।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष दिलीप बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि भीम आर्मी कार्यकर्ताओं की बैठक आज घंटाघर चौक में आयोजित की गई है। इस बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री बाई फुले को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा की जाएगी। इसके अलावा आने वाले दिनों में जो कार्य किए जाएंगे उसकी रणनीति तैयार होगी। बैठक में अजीत सोनवानी, अंतुलाल रात्रे, ऋषि सूर्यवंशी, शुभम अनंत शामिल होंगे।

## गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास में शामिल होने सुषमा दिल्ली रवाना



**कोरबा।** कोरबा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कोरबा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेवक सुषमा बंजारे (बीए अंतिम) सोमवार को आरडीसी कैंप, दिल्ली में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। सुषमा को परेड की बारीकियों से पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ब्रजलाल साय ने प्रशिक्षित किया। साथ ही दिल्ली के वातावरण में ढलने के लिए परेड का अभ्यास लगातार 2 माह तक डॉ. साय ने कराया, ताकि वहां उसे किसी तरह की समस्या न आए। सुषमा बंजारे 26 जनवरी 2025 को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर परेड का प्रदर्शन के लिए 1 जनवरी से आयोजित शिविर में भाग ले रही हैं। जिसमें देश के सभी राज्यों के स्वयं सेवक शामिल होंगे। कर्तव्य पथ पर परेड का प्रदर्शन करने के लिए सभी स्वयं सेवकों को सौभाग्य प्राप्त नहीं होता है। डॉ. साय ने बताया कि दिल्ली में लगातार 23-24 दिन तक पूर्ण अनुशासन एवं कड़ी मेहनत के साथ परेड अभ्यास करने एवं दिल्ली की कड़ाके की सर्दी बर्दास्त करने वाले देश के चुनिंदा स्वयं सेवकों का ही कर्तव्य पथ के लिए चयन हो पाता है। नियमित अभ्यास के बाद भी कुछ लोग भाग लेने से पहले ही वंचित हो जाते हैं। सुषमा के परेड गुरु डॉ. साय सोमवार को अंतिम बार उसे परेड की तकनीकी सिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किया।

# मलगांव पंचायत का विलोपन रद्द करने मुख्य सचिव को भेजा गया पत्र

**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने कोयला खनन के लिये अर्जित ग्रामो मलगांव, अमगांव और सुवाभोड़ी के विलोपन की कार्यवाही का निंदा करते हुये विलोपन को रद्द करने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने पंचायत चुनाव के ठीक पहले की गई कार्यवाही पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि पुनर्वास नीतियों के अनुरूप भूविस्थापितों को लाभ नही दी जा रही है और जोर जबरदस्ती विस्थापन के लिये लोंगो को भयभीत किया जा रहा है। एसईसीएल प्रबन्धन प्रशासन की मदद लेकर आंदोलनकारियों के खिलाफ षडयंत्र पूर्वक कार्यवाही कर रही है। जेल भेजने करोड़ों रूपये नुकसानी की भरपाई का नोटिस भेजने जैसी घिनौनी कृत्य कर विरोध को कुचलने की साजिश हो रही है और वहीं दूसरी ओर शासन के द्वारा गांव का विलोपन किया जा रहा है जबकि 30 सालों से रोजगार के इंतजार में भटक रहे युवा अब बूढ़े हो चले हैं। मुआवजा और बसाहट जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित विस्थापितों की गुहार कोई सुनने को तैयार नहीं है और पूरी तानाशाही रवैय्ये इख्तियार किये जा रहे हैं । संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि मलगांव सहित अन्य पंचायत को विलोपित किए जाने के खिलाफ मुख्य सचिव को शिकायत करते हुऐ विलोपन रदद् करने और इन ग्रामो के भू -अर्जन और पुनर्वास की समस्त प्रक्रिया को पूरा कराने की मांग की गयीं है ।

गौरतलब है कि कटघोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मलगांव और अमगांव में बीते कुछ दिनों से पंचायत विलोपित किए जाने के खिलाफ सुगबुगाहट चल रही थी। ग्रामीणों ने पंचायत को विलोपित नहीं करने की मांग शुरू कर दिया था वे अपनी इस मांग को लेकर भारी संख्या में कोरबा पहुंचे ग्रामीण भारी संख्या में रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने जा पहुंचे इस बात की सूचना पुलिस व प्रशासन को भी नहीं थी लिहाजा ग्रामीण परिसर के भीतर तक पहुंच गए उन्होंने मुख्य द्वार के सामने बैठकर नारीबाजी शुरू कर दी ।

पंचायतों को विलोपित करने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा है और कई बार आवेदन कर थकने के बाद सोमवार को रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट जा पहुंचे उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करते हुए विलोपन वापस लेने की मांग शुरू कर दी वे अपनी मांग को लेकर अड़े रहे आखिरकार कलेक्टर को ही उनके पास आना पड़ा उनकी समझाइश के बाद ग्रामीण शांत हुए और घेराव समाप्त हुआ। ग्रामीणों का कहना था कि एसईसीएल दीपका गेवरा विस्तार के लिए मलगांव व अमगांव की जमीन को अधिग्रहण किया गया है इसके साथ ही पंचायत को विलोपित कर दिया गया है जिसे निरस्त कर 2025 में पंचायत चुनाव कराई जाए। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास किया लेकिन वे कलेक्टर से ही मुलाकात कर अपनी समस्या का निराकरण करने की मांग पर अड़े रहे। कलेक्टर अजीत वसंत ने ग्रामीणों से चर्चा कर समझाइश देकर शांत कराया।

### चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

ग्राम मलगांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा उन्होंने अपने ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा है कि पंचायत विलोपन के आदेश को निरस्त किया जाए यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वे आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

## प्रबंधन व जेसीसी सदस्यों के बीच कोयला उत्पादन बढ़ाने पर होगी चर्चा

**कोरबा।** आज एसईसीएल मानिकपुर प्रबंधन और जेसीसी सदस्यों के मध्य कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर चर्चा होगी। कोयला कामगारों को इस वर्ष का नया लक्ष्य दिया जाएगा ताकि कोयला उत्पादन में और वृद्धि हो सके। कोयला कामगारों में उत्साह लाने के लिए किस तरह के प्रयोग किए जाने की जरूरत है इसकी भी चर्चा होगी। यूनियन प्रतिनिधि जी.राजेश, भागवत सिंह, प्रमोद बनर्जी, उज्जवल बनर्जी, राजू श्रीवास्तव, संजय सिंह, नलीन पवार सुझाव देंगे। इसी तरह गेवरा परियोजना में कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए गंभीरता के साथ अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने मिलकर विचार विमर्श किया। प्रबंधन ने पाया कि कोयला कामगारों में जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। कोयला कामगारों को सभी सुविधाएं दी जा रही है। ओटी मिलने के बाद भी कोयला उत्पादन में कोई खास वृद्धि नहीं हो पाया है। इन सभी मुद्दों पर गंभीरता के साथ विचार विमर्श किया। यूनियन प्रतिनिधि रेशमलाल यादव, गोपाल यादव, प्रीतम राठौर, मदन सिंह सहित अन्य सदस्यों ने अपने सुझाव में कहा कि कोयला कामगारों में उत्साह लाने के लिए और भी कई प्रयोग किए जाने की जरूरत है। मनोरंजन के अलावा मेडिकल सुविधाओं में भी वृद्धि किए जाने की जरूरत है ताकि कोयला कामगार समय पर ड्यूटी पहुंच सके।



कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का जन्मदिन कल मनाया गया। इस अवसर पर दीपका क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

# विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर बालको ने चलाया मासिक जागरूकता अभियान

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने 'आरोग्य' परियोजना के अंतर्गत विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। कंपनी ने इस साल के थीम 'सही रास्ते अपनाएं- मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार!' के तहत महीने भर चले अभियान में जिले के 31,000 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंच बनाई। बालको ने सोशल रिवाईवल ग्रुप ऑफ अरबन रूरल एण्ड ट्राईबल, स्त्रोत, कोरबा के साथ साझेदारी कर जिला स्वास्थ्य विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति (सीजीएसएसीएस) के सहयोग से इस अभियान को संचालित किया।



इस साल के थीम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स प्रति जागरूकता बढ़ाना, तथ्यात्मक जानकारी का प्रसार करना, कलंक को कम करना और उच्च जोखिम वाले व्यवहार समूह, युवाओं और समुदाय के बीच निवारक उपायों को बढ़ावा देना है। कंपनी द्वारा संचालित मासिक ऑडियो-विजुअल 'जागरूकता रथ' अभियान का शुभारंभ जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। जिसमें कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी, डॉ. के. के. सहारे, डीन मेडिकल कॉलेज, कोरबा तथा डॉ. बी. आर. रात्रे (नोडल अधिकारी, एचआईवी/एड्स और टीबी) डॉ. गोपाल कंवर, संयुक्त निदेशक सह जिला अस्पताल अधीक्षक शामिल हुए।

कंपनी के सामुदायिक विकास पहल द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों तथा स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में होप्स इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सृष्टि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, सरकारी मेडिकल कॉलेज, तथा अस्पताल ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में ओरिएंटल मेडिकल कॉलेज ने प्रथम पुरस्कार जीता। उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जागरूकता सत्र तथा महाविद्यालयों में एचआईवी/एड्स जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए गए।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां जागरूकता एचआईवी के खिलाफ एक शक्तिशाली ढाल के रूप में कार्य करेगा। जागरूकता सत्रों के साथ हमारा लक्ष्य एक अधिक सूचित और प्रगतिशील समाज को बढ़ावा देना है, जो ऐसी बीमारी के ट्रांसमिशन में कमी लाएगा और जीवन को सुरक्षित कर सकता है। समुदायों के भीतर हमारा लक्ष्य सभी के लिए एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य बनाने की दिशा में हमारी कटिबद्धता को दर्शाता है।

नागरिकों से इस बीमारी को बेहतर ढंग से समझने का अनुरोध करते हुए, जिला अस्पताल कोरबा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एस.एन. केशरी ने कहा कि मैं प्रत्येक नागरिक से आगे आने, ज्ञान प्राप्त करने और एचआईवी/एड्स स्थिति के बारे में जागरूक होने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खंड और जिले में एकीकृत परीक्षण और परामर्श केंद्र (आईसीटीसी) तैयार हैं जो व्यक्तियों को उनकी भलाई की यात्रा में सशक्त बनाने के लिए मुफ्त परीक्षण और परामर्श प्रदान करते हैं।

13 उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से 50 से अधिक युवाओं को जागरूकता लीडर (स्वयंसेवक) के रूप में सशक्त बनाने के लिए '2 दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण' का आयोजन किया। इन्हीं युवा लीडर ने 22 'युवा चौपाल' के माध्यम से एचआईवी के रोकथाम पर बात कर 700 से अधिक युवाओं को एचआईवी पर संवेदनशील बनाया। इसके साथ ही 3 प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में एचआईवी/एड्स परामर्श और प्रथम स्तर की परीक्षण सेवाओं की सुविधा प्रदान की गई। इससे लोगों को उनके घर के दरवाजे पर परामर्श और परीक्षण की सुविधा मिल सकी। एड्स पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। ट्रक ड्राइवर और प्रवासी श्रमिक समूह के 200 सदस्यों को व्यवहार परिवर्तन प्रथाओं और विषय वस्तु पर उनकी जानकारी के लिए सुलभ सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया।

आरोग्य परियोजना एक व्यापक स्वास्थ्य पहल है जो कंपनी ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट के माध्यम एचआईवी, टीबी, नशामुक्ति पर जागरूकता अभियानों के माध्यम से निवारक और उपचारात्मक दोनों तरह की गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करती है। इसके साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण और एनीमिया पर जागरूकता अभियान संचालित करती है। वित्तीय वर्ष विभिन्न उपचारात्मक और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से 40,000 से अधिक लोगों तक पहुँच बनाई। बच्चों में कुपोषण से निपटने के लिए 2000 से अधिक माताओं को उनकी देखभाल और पोषण संबंधी प्रथाओं में सुधार करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। यह परियोजना स्थानीय स्वास्थ्य निकायों और समितियों को मजबूत भागीदारी के साथ सशक्त बनाती है।




आवश्यकता है

कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समेन व सहायक की आवश्यकता है।

-:संपर्क करें :-

बसंत साड़ीज
मेन रोड़ कोरबा ( छ.ग. )
( प्रमोद मेडिकल के बगल में )
मो.-7000406494










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com